संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, मंगलवार, 28 नवंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 318 पृष्ठः 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



पीएम मोदी ने कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सुबह भगवान व्यंकटेश्वर के दर्शन कर तिरुमाला मंदिर में पूजा-अर्चना की।

# तेलंगाना में बीआरएस की नाव डूबने वाली है: मोदी

= यहां के लोग बीआरएस सरकार को हटाने और भाजपा को वोट देकर सत्ता में लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं: पीएम मोदी

**कानून की बात**

**8 पक्ष में 131 और विपक्ष में 102 वोट डले। बिल अब राष्ट्रपति से मंजूरी के लिए जाएगा, उसके बाद कानून बनेगा**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/महबूबाबाद**

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि सत्ता में आने पर तेलंगाना में मुख्यमंत्री ओबीसी समुदाय से होगा। प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के महबूबाबाद में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के लोग बीआरएस सरकार को हटाने और भाजपा को वोट देकर सत्ता में लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि बीआरएस-कांग्रेस दोनों ही तेलंगाना को विनाश के रास्ते पर ले गए हैं। उन्होंने दोहराया, "यह भाजपा का वादा है कि सत्ता में आने पर तेलंगाना में ओबीसी समुदाय से एक सीएम होगा।" केसीआर और बीआरएस के बुरे इरादों की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "केसीआर और बीआरएस दोनों ने भाजपा के बढ़ते महत्व को महसूस किया और हमारे साथ गठबंधन करना चाहते थे। लेकिन मोदी कभी भी तेलंगाना के लोगों की इच्छाओं के खिलाफ नहीं जा सकते। उन्होंने कहा कि अब, चूंकि भाजपा ने बीआरएस और केसीआर को खारिज कर दिया है, वे निराश हैं और भाजपा और मेरी लगातार आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह भ्रष्ट बीआरएस के साथ गठबंधन नहीं करने की मोदी की गारंटी है।" बीआरएस शासित तेलंगाना में शासन की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "बीआरएस के फार्महाउस सीएम तेलंगाना की परंपरा और प्रौद्योगिकी की दोहरी पहचान को नष्ट कर रहे हैं।" उन्होंने कहा, "भाजपा तेलंगाना को बीआरएस के नेतृत्व वाले भ्रष्टाचार, माफिया शासन और अंधविश्वास से मुक्त कराना अपनी जिम्मेदारी मानती है।" उन्होंने कहा कि जहां बीआरएस को तेलंगाना से बाहर करना महत्वपूर्ण है, वहीं भ्रष्ट कांग्रेस को सत्ता में आने से रोकना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मोदी ने कहा, "बीआरएस-कांग्रेस भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और वंशवादी राजनीति पर आधारित एक ही स्टीयरिंग व्हील वाली कार है।" उन्होंने कहा कि बीआरएस-कांग्रेस दोनों अराजकता और दलित, एसटी और ओबीसी की घोर उपेक्षा के लिए जिम्मेदार हैं। इसके विपरीत यह भाजपा सरकार है, जिसने बंजारा, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू के डीएनटी के लिए एक कल्याण बोर्ड की स्थापना की है।



## तेलंगाना के लोग पहली बार भाजपा की सरकार बनते देखना चाहते हैं: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को तेलंगाना के करीमनगर में दूसरी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि करीमनगर भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं और लोकतंत्र की जननी होने का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आज केवल एक ही आवाज तेलंगाना पर हावी है, वह है पहली बार भाजपा सरकार बनते देखना। यह बताते हुए कि कैसे कांग्रेस ने अपने ही नेताओं को धोखा दिया है, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "हम सभी जानते हैं कि कांग्रेस पार्टी के प्रति उनकी अगाध निष्ठा के बावजूद पूर्व पीएम नरसिम्हा राव का किस तरह अपमान किया।" कांग्रेस और बीआरएस दोनों के पास केवल भ्रष्ट एजेंडे हैं जबकि भाजपा का लक्ष्य तेलंगाना के लोगों के सच्चे सशक्तिकरण के लिए प्रयास करना है।

## तेलंगाना चुनाव में कर्नाटक सरकार का विज्ञापन

**नई दिल्ली।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव को लेकर कर्नाटक सरकार द्वारा जारी विज्ञापन पर भारतीय जनता पार्टी ने आपत्ति जताते हुए इसे चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताया है। सोमवार को इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त से शिकायत कर कांग्रेस के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस प्रतिनिधिमंडल में केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, सांसद सुधांशु त्रिवेदी और ओम पाठक मौजूद थे। चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराने के बाद केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस द्वारा तेलंगाना चुनाव में आचार संहिता का उल्लंघन दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं और मूल्यों का अवमूल्यन कर रही है और उन्होंने तेलंगाना में भी ऐसा ही किया। जिस समय तेलंगाना में चुनाव चल रहे हों तब पार्टी का विज्ञापन न देकर, कर्नाटक सरकार का विज्ञापन देना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हैं।

**फास्ट न्यूज**

### ओबीसी आरक्षण कोटे को प्रभावित नहीं किया जाएगा: सीएम शिंदे

**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार राज्य में किसी भी कीमत पर ओबीसी आरक्षण कोटे को प्रभावित नहीं करेगी। कैबिनेट मंत्री और ओबीसी नेता छगन भुजबल के साथ इस मुद्दे पर चर्चा हो चुकी है। सीएम शिंदे ने कहा कि मराठा समाज को अलग से आरक्षण देने का काम राज्य सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि मराठा समाज को आरक्षण देने की दिशा में सरकार जोर-शोर से काम कर रही है, लेकिन ओबीसी नेताओं को शक है कि कहीं उनके कोटे को कम न कर दिया जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ओबीसी आरक्षण का कोटा किसी भी कीमत पर कम नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुराने शासनादेश पर सिर्फ अमल करने का आदेश दिया है। इस पर पूर्व न्यायाधीश शिंदे की समिति काम कर रही है।


### विस्तारा की कोलकाता-दिल्ली उड़ान लखनऊ डाइवर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर हवाई यातायात की भीड़ की वजह से विस्तारा एयरलाइंस उड़ान को दिल्ली की बजाय लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारना पड़ रहा है। विस्तारा एयरलाइन ने सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी दी है। एक्स पर कहा गया है कि कोलकाता से दिल्ली जाने वाली उड़ान यूके 778 (सीसीयू डीईएल) को दिल्ली हवाई अड्डे पर हवाई यातायात की भीड़भाड़ के कारण लखनऊ के लिए डाइवर्ट किया गया है।

### सुल्तानपुर एमपीएमएलए कोर्ट ने राहुल को किया तलब

**सुलतानपुर।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद राहुल गांधी की मुश्किलें आने वाले दिनों में बढ़ सकती हैं।
केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्रति अभद्र टिप्पणी के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट के स्पेशल मजिस्ट्रेट योगेश यादव की अदालत ने राहुल गांधी को तलब किया है। अगली पेशी 16 दिसम्बर को है। सुलतानपुर एमपीएमएलए कोर्ट ने करीब एक हफ्ते पूर्व बहस सुनकर फैसला सुरक्षित किया था।

## रहस्यमयी बीमारी: फेफड़ों में सूजन और तेज बुखार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** कुछ महीनों पहले ही दुनिया ने कोविड-19 जैसी संक्रामक बीमारी से निजात पाया था, लेकिन इसी बीच एक नई बीमारी पड़ोसी देश चीन में अपने पैर पसारने लगी है। इस रहस्यमयी बीमारी ने छोटे बच्चों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। इसको लेकर प्रशासन काफी सख्त नजर आ रहा है। नए वायरस से संक्रमित बच्चों से चीन के अस्पताल भरने लगे हैं। इस नए वायरस को रहस्यमयी निमोनिया वायरस इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि इसके कुछ लक्षण आम निमोनिया से मिलते-जुलते हैं और कुछ अलग भी हैं। दरअसल, अगर निमोनिया की बात करें तो उसमें पीड़ित बच्चों को बलगम वाली खांसी, तेज बुखार और फेफड़ों में सूजन की शिकायत होती है। वहीं, दूसरी ओर चीन के इस रहस्यमयी निमोनिया में बच्चों को बिना बलगम वाली खांसी के ही तेज बुखार और फेफड़ों में सूजन की शिकायत हो रही है। निमोनिया यूं तो आम बुखार की ही तरह है, जिसे एंटीबैक्टीरियल और एंटीबायोटिक दवाओं की मदद से कंट्रोल किया जा सकता है, लेकिन यह जानलेवा भी साबित हो सकती है। डॉक्टरों के मुताबिक, फेफड़ों में तरल पदार्थ भरने लगता है, जो मवाद बन जाता है और यह धीरे-धीरे पूरे फेफड़े में भर जाता है।

## 'स्वदेशी लड़ाकू विमान उत्पादन बढ़ाने पर विचार, नासिक में तीसरी लाइन'

**बंगलूरू :** भारत में लड़ाकू विमान के विनिर्माण की संभावनाओं पर लगातार मंथन हो रहा है। स्वदेशी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के चेयरमैन सीबी अनंतकृष्णन ने बताया कि एचएएल लड़ाकू विमान तैयार करने की क्षमता बढ़ाने पर विचार कर रही है। उन्होंने हाल ही में पीएम मोदी के दौरे पर भी प्रतिक्रिया दी। अनंतकृष्णन के अनुसार बंगलूरू में एचएएल के केंद्र का दौरा करने पहुंचे प्रधानमंत्री ने इंजीनियरों के प्रयासों की सराहना की।

## सिलक्यारा सुरंग हादसा: सेना ने संभाला मोर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**

उत्तरकाशी के सिलक्यारा निमार्णाधीन सुरंग पिछले 16 दिनों से 41 जिंदगियों को बचाने की जंग जारी है। सोमवार से सेना ने मोर्चा संभाल लिया है। सुरंग में वर्टिकल ड्रिलिंग 31 मीटर पूरी हो चुकी है। टनल में मैन्युअल खुदाई भी शुरू हो गयी है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने आज उत्तरकाशी की सिलक्यारा निमार्णाधीन टनल में फंसे श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए चलाये जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन का स्थलीय निरीक्षण किया और सुरंग के अंदर फंसे श्रमिकों से बातचीत की। इस दौरान उनके साथ उत्तराखंड के मुख्य सचिव एसएस संधू भी थे। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का निरीक्षण कर सुरंग के अंदर फंसे श्रमिकों के लिए भेजी जा रही भोजन सामग्री के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही सिलक्यारा सुरंग के अंदर फंसे श्रमिकों के परिजनों से भी वार्ता की और उन्हें ढांढस बंधाया।उन्होंने एनएचडीसीएल एवं नोडल अधिकारी नीरज खैरवाल से भी रेस्क्यू आपरेशन की जानकारी ली। आज सुबह से सिलक्यारा निमार्णाधीन टनल में राहत और बचाव अभियान को सेना के हवाले कर दिया गया। सेना की इंजीनियरिंग कोर की मद्रास सैपर्स की टीम अब राहत और बचाव कार्य का जिम्मा देखेगी। लगातार आ रही बाधाओं के बाद आखिरकार 41 मजदूरों को सकुशल बाहर निकालने की जिम्मेदारी अब सेना को दी गई है।





हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरियाणा सिविल सचिवालय चंडीगढ़ में कैबिनेट मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए।

## मस्जिदों सहित अन्य धार्मिक स्थलों से उतरवाए गए लाउडस्पीकर

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में लाउडस्पीकर से होने वाले ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ सोमवार को पूरे प्रदेश में अभियान चलाया गया। इस दौरान कई मस्जिदों और अन्य धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर उतरवाए गए, जबकि कई जगह आवाज कम करवाई गई। सुबह पांच बजे शुरू किए गए अभियान में सात हजार से ज्यादा लाउडस्पीकर की आवाज कम करवाई गई, जबकि तीन हजार से ज्यादा लाउडस्पीकर हटाए गए। अभियान के तहत जिलों में अधिकारियों के नेतृत्व में चेकिंग टीमें बनाई गईं और धार्मिक स्थलों व सार्वजनिक स्थलों पर लगे अवैध लाउडस्पीकर व ध्वनि विस्तारक यंत्र चेक करवाए गए।

## अदालत ने लंपी रोग को रोकने के लिए उठाए गए कदमों पर जताया संतोष



**नई दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मवेशियों में गांठदार (लंपी) त्वचा रोग से जुड़े मुद्दों को उठाने वाली दो अलग-अलग याचिकाओं पर सोमवार को कार्यवाही बंद कर दी। शीर्ष अदालत ने गायों और अन्य जानवरों के टीकाकरण और बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों का भी जिक्र किया। लंपी त्वचा रोग एक वायरल संक्रमण है जो मवेशियों को प्रभावित करता है। इसके शुरूआती लक्षणं में पशुओं को बुखार हो जाना, त्वचा पर गांठ पड़ जाना शामिल है। इस रोग से मवेशियों की जान भी जा सकती है। यह रोग मच्छरों, मक्खियों, जूं और ततैयों के मवेशियों के साथ सीधे संपर्क में आने और दूषित भोजन-पानी के जरिए फैलता है।

## 'राज्य में घूमना मुश्किल कर देंगे'

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार के मंत्री छगन भुजबल को धमकी मिली है। दरअसल छगन भुजबल ने कहा है कि मराठाओं को आरक्षण देने के लिए गठित की गई शिंदे समिति को रद्द कर देना चाहिए। इसे लेकर भुजबल पर मराठा आरक्षण का विरोध करने का आरोप लग रहा है। अब भुजबल को धमकी मिली है। दरअसल एक मराठा संगठन का सदस्य सोमवार को भुजबल की गाड़ी तक पहुंच गया और उसने भुजबल से मराठा आरक्षण का विरोध ना करने को कहा। साथ ही उसने धमकी दी कि 'अगर भुजबल ने विरोध बंद नहीं किया तो उनका महाराष्ट्र में घूमना मुश्किल कर देंगे'।



**भुजबल को मिली धमकी:** दरअसल छगन भुजबल पुणे के सरकारी गेस्ट हाउस में ठहरे हुए थे। इसी दौरान सोमवार को स्वराज्य संगठन का सदस्य धनंजय जाधव गेस्ट हाउस में भुजबल की गाड़ी तक पहुंच गया और उसने नारेबाजी की। उसने भुजबल से मराठा आरक्षण का विरोध ना करने को कहा और ये भी कहा कि वह भुजबल की गाड़ी तो क्षतिग्रस्त कर सकता है लेकिन ऐसा नहीं करेगा। इसके बाद पुलिस ने धनंजय जाधव को हिरासत में लिया।

## सीएम भगवंत और सीएम केजरीवाल ने' मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा स्कीम'की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया/धुरी (संगरूर)**

**पंजाब** के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की हाजिरी में देश भर के पवित्र स्थानों पर लोगों को लेकर जाने के लिए सोमवार को मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की शुरूआत की। यहाँ श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की शुरूआत के बाद में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना गुरू साहिब की शिक्षाओं और फलसफे के मुताबिक है, जिन्होंने लोगों को आपसी-भाईचारे और अमन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों ने किसी न किसी कारण अब तक इन धार्मिक स्थानों के दर्शन नहीं किये। भगवंत सिंह मान ने कहा कि श्रद्धालुओं को देश और राज्य भर के अलग-अलग धार्मिक स्थानों के दर्शन करवाने के लिए राज्य सरकार ने यह योजना शुरू की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अमृतसर से 300 श्रद्धालु, जालंधर से 220 और धूरी से 500 से अधिक श्रद्धालु इस रेल गाड़ी के द्वारा श्री हज़ूर साहिब के दर्शनों के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी तीन महीनों में 50 हजार से अधिक श्रद्धालु यह सुविधा हासिल करेंगे। उन्होंने बताया कि इनमें से 13 हजार श्रद्धालु रेल गाड़ीयों के द्वारा जाएंगे और हरेक आठ दिनों के बाद चलने वाली इन 13 रेल गाड़ीयों में से हरेक गाड़ी में एक हजार यात्री जाएंगे। भगवंत सिंह मान ने कहा कि बाकी श्रद्धालु बसों के द्वारा सफ? करेंगे और रोजाना की दस बसें चलेंगी, जिनमें से हरेक बस में 43 यात्री सवार होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी इमरजैंसी से निपटने के लिए इन यात्रियों के साथ डॉक्टरों, वॉलंटियरों और अधिकारियों की एक टीम भी सफर करेगी। उन्होंने कहा कि यात्रियों के पहुँचने से पहले सभी प्रबंधों के लिए अधिकारियों की एक टीम पहले भेजी गई है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि 75 साल से अधिक उम्र वालों को अपने साथ एक नौजवान को देखभाल के लिए लेकर जाने की इजाजत होगी।



**सीएम ने कहा...**

**8 श्री हज़ूर साहिब के लिए तकरीबन 1300 यात्रियों को ले जा रही पहली रेल गाड़ी को किया रवाना**

**8 समाज के कमजोर वर्गों की सेवा के लिए हमारी सरकार गुरू नानक देव जी की शिक्षाओं पर चल रही है: अरविन्द केजरीवाल**

**गुरूपर्व** सरकार ने राज्य में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए 31 मार्च 2026 तक हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को जीवन में आत्मसात करें: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरु नानक देव जयंती के अवसर पर गत दिवस को गुरूद्वारा साहिब श्री गुरु सिंह सभा में शीश नवाया। इस अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने मुख्यमंत्री को सिरोपा भेंट किया।मुख्यमंत्री ने गुरु नानक देव जयंती पर लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि गुरु नानक देव जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी द्वारा दी गई शिक्षाओं का वर्तमान में भी विशेष महत्व है और लोगों से आग्रह किया कि इन शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख धर्म के संस्थापक व पहले सिख गुरु गुरुनानक देव जी समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए जीवन भर अथक प्रयास करते रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया और कहा कि प्रदेश सरकार ने डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋ ण योजना आरम्भ की है जिसके तहत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए 20 लाख रुपये तक का ऋ ण एक प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस अवसर पर मीडिया कर्मियों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह उपयुक्त समय पर कांग्रेस पार्टी के उच्च पदाधिकारियों से परामर्श के उपरांत मंत्रिमण्डल के विस्तार का निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए 31 मार्चए 2026 तक हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा 680 करोड़ रुपये की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के प्रथम चरण की शुरूआत की गई है। इसके तहत युवाओं को आय का साधन प्रदान करने के लिए ई-टैक्सी खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान है।



**विचार**

**8 सिख गुरु गुरुनानक देव जी समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए जीवन भर अथक प्रयास करते रहे।**

# मुख्यमंत्री का हमीरपुर में आने पर हुआ स्वागत, योजनाओं की दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**मुख्यमंत्री हमीरपुर** प्रवास पर आए हुए हैं जिनकी अध्यक्षता में भव्य समारोह का आयोजन जिला प्रशासन, हमीरपुर में गांधी चौक पर पिछले कुछ महीनो में आई भयंकर प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हुए लोगों को राहत देते हुए उन्हें समुचित राशि वितरित की ताकि वे लोग अपनी समस्या का समाधान कर पाएं। इस विषय पर हमारे हृदय रोगी धर्मार्थ कल्याण समिति रजिस्टर्ड हमीरपुर में 24 नवम्बर, 23 को एसके कौड़ा की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया था कि क्यों न मुख्यमंत्री के आगमन पर उनको मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष 2023 में 51000/-हजार रुपए की राहत राशि दी जाए तथा उक्त समारोह में उपरोक्त राशि एसके कौड़ा की अध्यक्षता में सम्मान सहित चैक के माध्यम से भेंट की गई जिसका मुख्यमंत्री ने आभार व्यक्त करते हुए समिति का धन्यवाद किया। बैठक में यह भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हृदय रोगी एवं किडनी व लीवर के रोगियों जो अपना इलाज करवाने में आर्थिक रूप से असमर्थ हो उन्हें भी इस संस्था से आर्थिक मदद देने पर विचार किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी एसके कौड़ा, मनोहर लाल कानूनगो, विजय जमवाल, विपिन शर्मा,पीएन शर्मा, पुरुषोत्तम कालिया व अजय शर्मा उपस्थित रहे।



# चुवाड़ी में आयोजित किया गया कवि सम्मेलन, संस्कृति के विविध आयामों पर हुई परिचर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**भाषा एवं संस्कृति** विभाग द्वारा कवि गोष्ठी व जिला चंबा की लोक संस्कृति के विविध आयामों पर परिचर्चा विषय पर राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी में आयोजन किया गया। परिचर्चा का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया। इस दौरान जिला भाषा अधिकारी चम्बा तुकेश शर्मा ने सभी साहित्यकारों का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा भाषा के विकास को आदि काल से आधुनिक काल तक हुए विकास क्रम पर विस्तार से वर्णन किया। परिचर्चा में सहायक आचार्य हिंदी सोनू कुमार भारती ने महाविद्यालय की और से सभी का स्वागत किया तथा साहित्य को आदि काल से आधुनिक काल तक साहित्यकारों ने किस तरह अपनी कलम से सींचा उसका बखूबी वर्णन किया। इसकी अतिरिक्त वरिष्ठ साहित्यकार उत्तम चंद कौशल संस्कृति तथा बहल ने प्रकृति नामक अपनी रचनाओं का वाचन किया। जिला चम्बा के प्रसिद्ध लोक गायक पीयूष राज ने जिला चम्बा की लोक संस्कृति के विविध आयामों विषय में कुंजड़ी मल्हार, मुसादा गायन, ऐंचली गायन, फाटेडू गीतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिला चम्बा के पारम्परिक लोक गायन तथा साहित्यकार खेम राज गुप्त द्वारा लिखे प्रसिद्ध लोक गीत सांय-सांय मत कर राविये को विस्तार रूप में परिभाषित किया। इन्होंने जिला चम्बा के ऐतिहासिक गीतों में माये नी मेरिये जमुए दी राहें चम्बा कितनी की दूर, रुत संगडोड़ी हो, बसोआ, गुडक चमक बहुआ मेघा, राजा तेरे गोर्खियों, आया ता आया जीन्दे बंजारा हो जैसे कई ऐतिहासिक गानों का वर्णन किया।




# विधायक बताएं, विधानसभा के लिए क्या किया: बिरला

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**भारतीय जनता** पार्टी की पूर्व जिला उपाध्यक्ष व प्रधान उषा बिरला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा की हमीरपुर के विधायक अभी इतने बड़े राजनीतिज्ञ नहीं बने हैं के केंद्र के मंत्रियों के ऊपर टीका टिप्पणी करें पहले तो वह बताएं कि पिछले 11 महीने में जब से वह विधायक बने हैं।

**मुख्यमंत्री के सामने अपने नंबर बनाने के लिए ऊलजुलूल बयान बाजी ना करें विधायक**

हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए क्या कार्य किए हैं जबकि जब से वह बने हैं तब से सिलेक्शन बोर्ड की बिल्डिंग उनके विधानसभा क्षेत्र में है बंद पड़ी है और कोई अन्य कार्यालय या कोई और अन्य सुविधाएं वह हमीरपुर विधानसभा के लिए नहीं कर पा पाए हैं वह महज मुख्यमंत्री के सामने अपने नंबर बनाने के लिए कुछ भी बयान बाजी कर रहे हैं जबकि धरातल पर सब जग जाहिर है की वह कोई भी काम हमीरपुर विधानसभा के लिए नहीं करवा पाए हैं उषा बिरला ने कहा की जबकि केंद्रीय मंत्री वह हमीरपुर सांसद क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर एक नहीं तीन व चार जिले उनके संसदीय क्षेत्र में आते हैं और उन्होंने सभी अपने संसदीय क्षेत्र में एक समान विकास करवाया है हमीरपुर का मेडिकल कॉलेज हो उना का ड्रग बलक पार्क हो उना मे पीजीआई सैटलाइट सेंटर हो बिलासपुर में एम्स, भानु पली बिलासपुर रेलवे लाइन हो और आपदा की घड़ी में 11000 बेघर को केंद्र से घरों की सुविधा उपलब्ध करवाई। भारत की सबसे तेज चलने वाली चौथी बंदे भारत ट्रेन उना से दिल्ली उनके ही संसदीय क्षेत्र में है इसके अलावा उन्होंने अपने प्रयासों से एक से श्रेष्ठ भारत के द्वारा छात्रों को भारत भ्रमण, भारत का पहला सांसद खेल महाकुंभ उनके ही संसदीय क्षेत्र व उनके ही जिला में खेला जा रहा है जिससे कई प्रतिभावान खिलाड़ी निकल कर सामने आ रहे हैं। सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा जो गांव-गांव पंचायत में जाकर लाखों माता और बहनों बुजुर्गों का उपचार कर रही है और अन्य कई अनगिनत योजनाएं अनुराग ठाकुर जी अपने जिला के अलावा अपने संसदीय क्षेत्र में करवा रहे हैं शायद विधायक को यह सब नहीं दिखाई देता उषा बिरला ने विधायक को नसीहत दी है के अपना कद देखकर ही बयान बाजी करें।



# लाहुल-स्पीति क्षेत्रीय अस्पताल में हुई शल्य चिकित्सक की तैनाती: संजय कटोच

**टीम एक्शन इंडिया/ केलांग/ अंगारिया**

**जनजातीय जिला** में जिला अस्पताल केलांग में शल्य चिकित्सक की तैनाती होने से लोगों को अब दूसरे जिलों में चिकित्सा सेवाओं का लाभ लेने के लिए नहीं जाना पड़ेगा। लाहुल स्पीति जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि लाहुल स्पीति के विधायक रवि ठाकुर के प्रयासों के यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कब्बायली क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने से साथ साथ आधारभूत ढांचे को मजबूती देने में कोई कसर नहीं छोड?ा चाहती। कटोच ने कहा कि जल्द ही अन्य चिकित्सकों और पर मेडिकल स्टाफ की कमी भी जिला के अन्य अस्पतालों में पूरी कर ली जाएगी। क्षेत्रीय अस्पताल केलांग में सर्जन की नियुक्ति पर जिला लाहुल स्पीति युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अजीत, केलांग ब्लॉक अध्यक्ष रोहन, उदयपुर ब्लॉक अध्यक्ष चिराग ठाकुर और प्रवक्ता दिग्विजय कटोच ने मुख्यमंत्री सुखबिंदर सुक्खू और विधायक रवि ठाकुर का तह दिल से आभार प्रकट किया है। अजीत ओर रोहन ने कहा कि विधायक रवि ठाकुर के भरसक प्रयत्नों से ही ये संभव हुआ है।शल्य चिकित्सक की तैनाती होने से आपरेशन के लिये लाहुल की जनता को भरपूर लाभ मिलेगा और दूसरे जिलों में नहीं जाना पड़ेगा।



# शगुन दत्त को मिला इनोवेटिव शिक्षा के लिए अवार्ड

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**सुपर मैग्नेट स्कूल** के चेयरमैन इंजिनियर शगुन दत्त शर्मा को इनोवेटिव अध्यापन के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री डॉक्टर राजकुमार रंजन सिंह द्वारा चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आयोजित सम्मान समारोह में बेस्ट टीचर अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस समारोह में देश के 23 राज्यों के शिक्षाविदों ने भाग लिया। शगुन दत्त शर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके अध्यापन कौशल के लिए फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स एंड एसोसिएशन द्वारा इस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

# बिलासपुर में विभिन्न संगठनों ने धूमधाम से मनाया संविधान दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**स्थानीय जिला** परिषद सभागार में रविवार को संविधान दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सामाजिक न्याय और समाज विकास में न्याय पूर्ण एवं तर्कसंगत हिस्सेदारी पर चर्चा की गई। इस राज्य स्तरीय परामर्श में सक्रिय सामाजिक संगठन, सेवानिवृत्त अधिकारियों, वकीलों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के संगठनों में काम करने वाले लोगों के अलावा संविधान को मानने वाले हर व्यक्ति ने हिस्सा लिया और संविधान के प्रावधानों के अनुसार समाज में सबकी हिस्से दारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। चर्चा शुरू करने के पहले संविधान व संविधान निमार्ता बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर को पुष्प अर्पित किए गए। ततपश्चात प्रोफेसर केएस धीर ने संविधान में समतामूलक समाज बनाने की दिशा निदेर्शों पर चर्चा की शुरूआत की। इसके बाद परिचर्चा की विषयवस्तु को सुखदेव विश्वप्रेमी ने रखा और खुली चर्चा की शुरूआत हो गई। चर्चा में विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने हिस्सा लिया। चर्चा मॉडरेटर की भूमिका विजय कुमार ने निभाई। चर्चा में जागृति एजुकेशन एवं वेलफेयर सोसाइटी की ओर से मनसा राम, भवन एवं निर्माण मजदूर यूनियन से चैन सिंह सुमन, अर्धनारीश्वर समाज सेवा समिति की अध्यक्ष बिजली महंत, पर्वतीय महिला अधिकार मंच की विमला विश्वप्रेमी, मंडी नगर निगम के पार्षद राजेन्द्र मोहन, कांगड़ा सुलह की जिला पार्षद रूप रेखा, अम्बेडकर वादी अधिवक्ता नरेश ऊना से, वन अधिकार मंच के प्रतिनिधि सिरमौर से, हिमाचल नारी सभा की सुषमा, एकल नारी सभा की नीलम भाटिया, नौजवान सभा के शशि बंसल, इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के प्रवेश चंदेल, मुस्लिम कमेटी के हारून मोहमद एवं परवेज भुट्टो, सेवानिवृत्त अधिकारी सुशील पुंडीर, अफ जल बेग, बाल्मिकी समाज के प्रधान अशोक कुमार, गुरु रविदास सभा के सूबेदार ज्योति राम आदि ने हिस्सा लिया।

# गुरु नानक देव जयन्ती को पूरे विद्यालय परिवार ने श्रद्धापूर्वक मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/ कसौली/ विशाल। कसौली इंटरनेशनल** पब्लिक स्कूल किप्स सनवारा में 27 नवम्बर, 2023 सोमवार को गुरु नानक देव जयन्ती को पूरे विद्यालय परिवार ने श्रद्धापूर्वक मनाया। इस अवसर पर सर्वप्रथम पाठ, अरदास एवं कीर्तन का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर, प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद व उप-प्रधानाचार्या पूनम ठाकुर ने सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी के विषय में जानकारी दी तथा उनके द्वारा दी गई शिक्षा और उपदेशों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# मुख्यमंत्री ने बिन मांगे हमीरपुर को बहुत कुछ दिया: रोहित शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को अपने हमीरपुर दौरे के दौरान एक बार फिर बता दिया कि उनके लिए प्रदेश के जनता से ऊपर कोई नहीं। शायद यही वजह है कि वे आज लोगों के दिलों पर राज कर रहे हैं। यह कहना है जिला कांग्रेस के प्रवक्ता व स्टेट बार काउंसिल के सदस्य रोहित शर्मा एडवोकेट का।

**गांधी चौक से जिला के लिए की गई घोषणाओं पर सीएम का आभार जताया**



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने गांधी चौके से हमीरपुर के प्रभावित परिवारों को 14 करोड़ रुपए से अधिक की राहत राशि प्रदान की। इनमें 122 परिवारों को मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने पर पहली किस्त के रूप में 3-3 लाख रुपए जारी किए। दो बेघर परिवारों को भूमि के दस्तावेज सौंपे तथा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए 555 मकानों की मरम्मत के लिए 1-1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। इसके अलावा बिजली की तारों से घिरे हमीरपुर शहर को इन तारों से निजात दिलाने के लिए इन्हें भूमिगत करने की घोषणा सीएम द्वारा की गई है जिसपर 20 करोड़ खर्च होंगे।

# डियारा सेक्टर में गुरू नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर प्रभात फेरी का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**नगर के डियारा** सेक्टर में स्थित प्राचीन गुरूद्वारा में सोमवार को सिक्खों के गुरू नानक देव जी का 554वां प्रकाशपर्व बड़ी धूम धाम से मनाया गया। गुरूद्वारा के केयर टेकर, समाज सेवी, पूर्व पार्षद वार्ड नंबर-9 रच्छपाल सिंह की अगवाई में सुबह प्रभातफेरी का आयोजन भी किया गया। इस प्रभात फेरी में डियारा सेक्टर तथा अन्य लोग भी शामिल हुए। यह प्रभात फेरी डियारा सेक्टर से शुरू होकर नगर की परिक्रमा करते हुए गुरूद्धारा कलगीधर पहुंची जहां पर विधिवत रूप से मात्था टेका और अमन चैन की लेकर अरदास की गई। तत्पश्चात डियारा सेक्टर स्थित गुरूद्धारा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि डियारा सेक्टर में स्थित यह गुरूद्धारा जलमग्न शहर से 1957-58 लेकर आज तक अपना अस्तित्व शान से बनाए हुए हैं। इस दौरान पावन गुरू ग्रंथ के समुख पाठ और विश्व शांति के लिए अरदास की गई। वहीं आयोजक रच्छपाल सिंह द्वारा चाय, मिठाई, समोसा और खिचड़ी का विशेष लंगर लगाया गया था, जिसमें आगतुंकों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर रच्छपाल सिंह ने गुरू नानक देव जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इन्होंने सभी धर्मों का सम्मान कर सदमार्ग पर चलना सीखाया। गुरू नानक देव जी ने एक पंगत, एक संगत, समरसता का पाठ पढ़ाया जबकि जातपता, पाखंडवाद और रूढ़िवादी परपराओं की जंजीरों से बाहर निकलने का आहवान किया। पीड़ित मानवता के गुरू नानक देव जी का योगदान अहम है। उन्होंने बताया कि उनका गुरूद्धारा जलमग्न शहर के गांव भुड में था तथा उनके दादा वीर सिंह गुरू सेवा में रहते थे तथा वहीं पर एक गुरूद्धारा भी था जिसे नए शहर में एक प्लॉट भी मिला लेकिन उनके दादा ने गुरूद्वारा को घर में स्थापित करने की बात कही।

# सिरमौर के सात विकास खंडों को केन्द्र योजनाओं की दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**


**सिरमौर के सात** विकास खंडों की 14 पंचायतों में आयोजित हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के अंतर्गत आज केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं की स्थानीय लोगों ने जानकारी हासिल की। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा स्थानीय लोगों को केन्द्रीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई और इन योजनाओं के लाभार्थियों से भी संवाद किया गया है। नाहन विकासखंड के बनकला और सतीवाला , पांवटा साहिब के मेलियो और फ तहपुर, पच्छाद खंड के बागथन और लानाबांका, राजगढ़ खंड के भानत और नेरी कोटड़ी और संगड़ाह खंड के लुधियाणा और रणफु आ जबड़ोग तथा तिरलोरधार और शिलाई विकास खंड के पाब मानल और अशियाड़ी में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में स्थानीय पंचायतों के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने लोगों को केन्द्रीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्रदान की और इन योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थियों के साथ उनके अनुभवों को साझा किया।



# भाजपा युवा मोर्चा जिला मंडी के सभी मंडलो में सम्पन हुआ बूथ सशक्तिकरण अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**जिला भाजपा** मंडी युवा मोर्चा के बूथ सशक्तिकरण के जिला सयोजक राजन सैनी ने बताया कि आज भाजपा जिला मंडी युवा मोर्चा ने संगठनात्मक जिला मंडी के सभी मंडलो में बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम पूरा कर लिया है। आज जोगिन्दरनगर के चौंतड़ा में इस अभियान के अन्तर्गरत जोगिन्दरनगर मण्डल का कार्यक्रम किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से विधायक प्रकाश राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रकाश राणा ने इस कार्यक्रम में कहा कि युवाओं को समाज हित मे हमेसा काम करना चाहिए। युवाओं को प्राधनमंत्री मोदी के जीवन से भी प्रेरणा लेनी चाहिए। राणा ने कहा कि जयराम ठाकुर की पूर्व भाजपा की सरकार ने जोगिन्दरनगर विधानसभा में विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी थी मगर कांग्रेस की प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर फे ल साबित हुई है। आने वाले समय मे लोकसभा की चारो सीटे भाजपा जीत कर केंद्र में फि र भाजपा सरकार बनाने में सहयोग करेगी। कार्यक्रम के सयोजक राजन ने कहा कि इस अभियान में जिला स्तर पर मंडी के कर्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर का मार्गदर्शन मिला। सिराज मंडल के कार्यक्रम पंडोह में भी जयराम ठाकुर आये थे। बल्ह मंडल में घटा में बल्ह के विधायक इंदर सिंह गांधी रहे। इसी तरह द्रंग मंडल में पूर्ण ठाकुर रहे।



# डा. बिंदल ने मारकंडा नदी का पूजन कर मीठे चावल का प्रसाद बांटा

**टभ्म एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**बनकला पंचायत** के मारकंडा नदी पर ग्रामीणों को सडक से जोडने के लिए पूर्व भाजपा प्रदेश सरकार के समय 18 करोड़ रुपए की स्वीकृति नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा प्रदान की गई से 2 बड़े पुलों का निर्माण कार्य शुरू किया गया था और आज मोदी की सरकार के माध्यम से उपलब्ध धन से सडक व 2 भव्य पुलों का निर्माण पूर्ण हुआ है। इस खुशी के मौके पर मन की बात कार्यक्रम का उत्सव यहां संपन्न हुआ। कून, नैहरला गांव जो विगत 60-70 सालों से पुल की मांग कर रहे थे। डॉ राजीव बिन्दल के प्रयासों से नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से 18 करोड़ रुपये स्वीकृत करवाया गया। केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा हैड से 18 करोड़ रुपये की स्वीकृति के पश्चात डॉ राजीव बिन्दल द्वारा शिलान्यास, भूमि पूजन करके दोनों पुलों व सडक निर्माण का कार्य शुरू किया व रिकार्ड समय में इसे पूर्ण किया गया। डॉ. बिन्दल ने इलाका वासियों को बधाई दी व नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। गुरूद्वारा साहिब शम्भुवाला का धन्यवाद किया जिन्होंने सडक के लिए भूमि दान दी। इस मौका पर मार्कण्डेय नदी की पूजा अर्चना की गई व जनता ने नारों की गुंजाहट के साथ मोदी का धन्यवाद किया। डॉ०. बिन्दल ने कहा कि मोदी देश की जरूरत है देश मोदी जी के साथ आगे बढ़ रहा है इसलिए मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। आगामी 5 वर्षों में भारत दुनियां की तीसरी महाशक्ति बन जाएगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सिरमौर विनय गुप्ता, प्रदेश सचिव भाजपा मनीश चौहान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आरआर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष तपेन्द्र शर्मा, सहित आदि उपस्थित रहे।



# मेलों के माध्यम से आर्थिक सुदृढ़ीकरण: डॉ. शांडिल

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**स्वास्थ्य एवं** परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न स्थान पर आयोजित किए जाने वाले मेलों और उत्सवों को आर्थिक दृष्टि से व्यापक स्तर पर मनाया जा आवश्यक है। डा. शांडिल गत सायं सोलन जिला के विकास खण्ड कण्डाघाट के जदारी के दो दिसवीय बिजेश्वर देव बागुडी मेले के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।डॉ. शांडिल ने कहा कि मेले हमारी समृद्ध संस्कृति की धरोहर है। उन्होंने कहा कि मेलो में युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होते है जिससे न केवल व्यापार में बढ़ौतरी होती है बल्कि आर्थिकी में भी इजाफ ा होता है। उन्होंने कहा कि तकनीक के



आधुनिक युग में मेले हमे हमारी सांस्कृति धरोहर से जोड़े रखने में आवश्यक भूमिका निभाते है।स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि विभिन्न मेलों और त्यौहारों में स्थानीय हस्तशिल्प और हथ-करघा निर्मित वस्तुओं के क्रय-विक्रय को बढ़ाया जाना आवश्यक है। इससे हस्तशिल्प को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में बेहतरीन कार्य कर रही है। रोजगार सृजन के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सुखाश्रय योजना जहां बेसहारा बच्चें के लिए आशा



की किरण बनेंगी वहीं 680 करोड़ रुपए की स्टार्ट अप योजना शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करेगी। श्रम एवं रोजगार मंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र में रोजगार की अपार सम्भानाएं है। उन्होंने कहा कि युवाओं को कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के साथ उपज और आर्थिक को मजबूत करना चाहिए।डॉ. शांडिल ने इससे पूर्व विकास खण्ड कण्डाघाट के जदारी में 20 लाख रुपए से निर्मित केवी के फ ार्म के फील्ड स्टोर तथा प्रजनन प्रयोगशाला तथा ध्यारी गांव से केवी के फ ार्म तक लगभग 03 लाख रुपए से निर्मित सम्पर्क मार्ग का लोकार्पण किया।

# नो बॉल पर चौका मार के पांचवी बार सांसद बनेंगे अनुराग ठाकुर: विनोद ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**नो बॉल पर** चौका मार कर पांचवीं बार अनुराग ठाकुर सांसद बनेंगे और केंद्र में बनने वाली मोदी सरकार में एक बार फि र से मंत्री बनकर हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश का प्रतिनिधित्व करेंगे यह बात जिला भाजपा सचिव विनोद ठाकुर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही है। हमीरपुर में मेडिकल कॉलेज बनाने का सारा श्रेय केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को जाता है उन्होंने तंज करते हुए कहा कि रविवार को जिला मुख्यालय में प्रदेश मुख्यमंत्री का कार्यक्रम हुआ उस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने करोड़ों रुपए आपदा प्रभावित लोगों को बांटे लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार और हिमाचल के सांसदों को कोसते नजर आए उन्होंने कहा कि कांग्रेस



और मुख्यमंत्री इस बात को ना भूले जो राहत राशि व जनता में बांट रहे हैं। वह कहां से आ रही है किसने भेजी है यह बात किसी से छिपी नहीं है केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी राजनीति चमकाने का काम मुख्यमंत्री और कांग्रेस पार्टी ना करें तो बेहतर होगा उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर वह शख्सियत है करोना काल जैसी महामारी में पूरे प्रदेश की जनता के साथ दिन-रात खड़े रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा ट्रेन चलाने की बात करती है लेकिन उन्हें यह बात भूलनी नहीं चाहिए कि आज भारत की नंबर वन वंदे भारत ट्रेन अगर हिमाचल से चली है और लोग उसमें आरामदायक सफर कर रहे हैं तो उसका सारा श्रेय केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को जाता है हिमाचल जैसे छोटे राज्य में सबसे पहले उन्होंने बंदे भारत ट्रेन को चलकर यह एहसास करवाया था कि हिमाचल बेशक छोटा है लेकिन किसी से कम नहीं है आज केंद्रीय मंत्री के प्रयासों से भारत सरकार द्वारा हमीरपुर में बनने वाले मेडिकल कॉलेज को भरपूर बजट उपलब्ध करवाया जा रहा है जिसके दम पर यह भवन अत्यधिक एवं दमदार तरीके से बन रहा है।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने कुशाक और स्लाविया का एलिगेंस एडिशन किया लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी**

कुशाक और स्लाविया में कई नए और सेगमेंट में पहली बार शानदार फीचर्स पेश करने के तुरंत बाद स्कोडा ऑटो इंडिया ने इन दोनों कारों के एक नए खास वर्जन को लॉन्च करने की घोषणा की है।एलिगेंस एडीशन नाम की दोनों कारों का उत्पादन सीमित मात्रा में किया जाएगा।ये कारें खासतौर पर 1.5 टीएसआई इंजन के साथ उपलब्ध होंगी। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर,पेट्र सॉल्क,ने कहा, कुशाक और स्लाविया का एलिगेंस एडीशन एक लिमिडेट एडीशन के रूप में लॉन्च किया जाएगा। कुशाक और स्लाविया के क्लासिक ब्लैक कलर की जोरदार मांग देखने को मिली है। हम अपने



प्रोडक्ट्स ग्राहकों की रुचि और पसंद को ध्यान में रखते हुए बनाते हैं। हमारा विश्वास है कि कुशाक और स्लाविया के एलिगेंस एडिशन की खूबसूरती और इनका नया रंग कार डिजाइनिंग की समझ रखने वाले ग्राहकों को आकर्षित करेगा और साथ कार खरीदने वाले का गर्व का अहसास कराना जारी रखेगा। कुशाक और स्लाविया के एलिगेंस एडिशन की ये दोनों कारें एकदम नए और शानदार डीप ब्लैक पेंट में पेश की जा रही हैं। ग्रिल,ट्रंक गार्निश और विंडो गार्निश जैसे एलिमेंट्स में क्रोम फिनिश पहले की तरह ही बना रहेगा। इन कारों की खूबसूरती को बढ़ाने को लिए क्रोम लोअर डोर गार्निश दिया गया है।इसके साथ ही बी पिलर्स पर कैलीग्राफी के जरिए एलिगेंस शब्द उकेरा गया है।स्लाविया में क्रोम ट्रंक गार्निश और एक स्कफ प्लेट दिया गया है जिस पर एलिगेंस शब्द उकेरा गया है।कुशाक में 17.इंच वेगा डुअल टोन अलॉय डिजाइन मिलती है जो इसको स्टाइलिश बनाने के साथ ही उबड़ खाबड़ इलाकों में मजबूती देता है।वहीं स्लाविया की क्लासिक सेडान लाइंस में 16.इंच विंग अलॉय व्हील्स दिया गया है। इन कारों का दरवाजा खोलते ही स्कोडा के असली एक्सेसरीज पडल लैंप से जमीन पर कंपनी के ब्रांड लोगो की इमेज दिखाई देती है जो इनके अंदर और बाहर कदम रखते समय खास होने अहसास कराता है। कार के अंदर जाने पर ड्राइवर का स्वागत स्टीयरिंग व्हील पर दिए गए एलिगेंस बैज से होता है। इसके अलावा फुटवेल एरिया में स्पोर्टी लुक वाले एल्यूमीनियम पैडल दिए गए हैं।एलिगेंस एडीशन की खूबसूरती को बढ़ाते हुए इसमें आकर्षक टेक्सटाइल मैट और एलिगेंस ब्रांडेड कुशन,सीट बेल्ट कुशन के साथ साथ गर्दन के लिए रेस्ट भी मिलेंगे।कुशाक और स्लाविया के एलिगेंस एडिशन में खासतौर पर 1.5 टीएसआई टर्बो पेट्रोल इंजन दिया गया है। ग्राहकों पास 7.स्पीड डीएसजी ऑटोमैटिक या 6.स्पीड मैनुअल में से किसी को भी चुनने का विकल्प है।इस स्पेशल एडीशन की खासयित बनाए रखने के कारण स्कोडा ऑटो इंडिया कुशाक एवं स्लांविया के एलीगेंस एडिशन का सीमित संख्या में उत्पादन करेगी।ये कारें बिल्कुल नए डीप ब्लैक पेंट में होंगी और पूरी तरह से सुसज्जित टॉप ऑफ द लाइन स्टाइल वैरिएंट के ऊपर रखी जाएंगी।अक्टूबर 2022 में कुशाक और अप्रैल 2023 में स्लाविया ग्लोबल एनसीएपी के नए और सख्त क्रैश टेस्ट प्रोटोकॉल के तहत वयस्कों और बच्चों के लिए पूरी तरह 5 स्टार रेटिंग हासिल करने वाली भारत में बनी पहली कारें थीं। कुशाक और स्लाविया का ये नया एलिगेंस एडिशन भी स्कोडा ऑटो इंडिया के क्रैश.टेस्टेड कारों के 100 प्रतिशत फ्लीट में शामिल हो गया है। इनको भी ग्लोबल एनसीएपी और यूरो एनसीएपी की तरफ से वयस्कों और बच्चों के लिए 5 स्टार क्रैश रेटिंग दी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### ब्राह्मण सभा मंडी ने वीरेंद्र भट्ट शर्मा को महापौर और माधुरी कपूर को उप महापौर बनने पर दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। नगर निगम** मंडी में महापौर के पद पर विरेंद्र वीरेंद्र भट्ट शर्मा की ताजपोशी से मंडी का ब्राह्मण समाज गदगद है और महत्वपूर्ण पद पर ब्राह्मण नेता की नियुक्ति से खुशी का माहौल बना हुआ है। ब्राह्मण सभा मंडी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुष्पराज कात्यायन ने कहा की वीरेंद्र भट्ट मंडी नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद हैं और इस क्षेत्र में अच्छा खासा अनुभव रखते हैं। उन्होंने कहा कि वीरेंद्र भट्ट के नेतृत्व में मंडी नगर निगम विकास के नए आयाम छुएगा और एक आदर्श निगम बनकर उभरेगा। लंबे समय से ब्राह्मण समुदाय की यह मांग थी कि नगर निगम मंडी पर ब्राह्मण समुदाय को प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए और भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने ब्राह्मण समुदाय की इस मांग को पूरा कर बड़ा महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने मंडी के इतिहास में पहली बार नगर निगम के मेयर पद पर एक ब्राह्मण नेता को जिम्मेदारी दी है जिसके लिए समस्त ब्राह्मण समुदाय नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, नगर निगम चुनाव प्रभारी राकेश जमवाल, स्थानीय विधायक अनिल शर्मा, विधायक इंद्र सिंह गांधी, पूर्ण चंद ठाकुर का धन्यवाद करता है। इसके साथ ही उन्होंने माधूरी कपूर को उप महापौर पद पर नियुक्ति पर बधाई दी।

### अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री से मिलेंगे जल रक्षक

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। मांगे पूरी** न होने की स्थिति में जल रक्षक महासंघ के सदस्य दिसंबर को मुख्यमंत्री से मिलेंगे। विधानसभा सत्र के दौरान शिमला उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आदेश लगाए थे कि उनकी कांटेक्ट पर आने की अवधि को कटाया जाए। मुख्यमंत्री ने पॉलिसी मैं संशोधन करने के लिए अधिकारियों को आदेश लगाए थे इनकी मांगे कैबिनेट में लाया जाए उसके बावजूद भी सरकार ने जल रक्षक महासंघ की मांगों पर कोई गौर नहीं किया है। जल रक्षक चाहे बारिश, बर्फ बारी अन्य त्योहार अत्यधिक बारिश होने के कारण पूरे हिमाचल में आपदा आई थी जिसमें पंचायत के लगे माध्यम से जल रक्षक ने बिना अवकाश के अपनी अहम भूमिका निभाई है जिसकी सरकार ने भी तारीफ की है। उसके बावजूद भी उचित मांगे पूरी न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। जल रक्षक महासंघ प्रदेश अध्यक्ष रूपलाल, उपाध्यक्ष बबलू वर्मा, टेकचंद, सुनील, रवि ठाकुर, कोषाध्यक्ष हरि चंद, सचिव डोलमचंद मीडिया प्रभारी मीना ठाकुर, पुष्पराज, बबलू पंवार, मुख्य सलाहकार दीपिका, जिला प्रधान सनी इकबाल, राजेश, विक्रम, रिंकू भाटिया, रिंपी, राजेंद्र, विनोद, चुन्नीलाल, गौरव सेन आदि ने सरकार से आग्रह किया है कि समय रहते उनकी उचित मांगों को पूरा किया जाए ताकि हिमाचल प्रदेश के समस्त जल रक्षक अपना व अपने परिवार का पालन पोषण उचित प्रकार से कर सके और हिमाचल के समस्त जल रक्षक को मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री पर पूरा भरोसा है इस बार उनके साथ अनदेखी नहीं कि जाएगी।

### इस बार धान की बंपर पैदावार पर किसानों से खरीदे 20993.21 मीट्रिक टन धान

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। हिमाचल में** इस बार धान की बंपर पैदावार हुई है। अबतक प्रदेश के किसान सरकार को 45 करोड़ रुपये की धान बेच चुके हैं। प्रदेशभर में स्थापित 14 मंडियों में अब तक 3663 किसानों से 20993.21 मीट्रिक टन धान की खरीद हो चुकी है। पिछले साल हिमाचल में 14 हजार मीट्रिक टन धान खरीद हुई थी। इस साल 22 हजार मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है। जिला सिरमौर में धान खरीद का आंकड़ा निर्धारित लक्ष्य को भी पार कर चुका है। राज्य नागरिक आपूर्ति निगम ने जिले में 6250 मीट्रिक टन 62,500 क्विंटल खरीद का लक्ष्य रखा था। शुक्रवार शाम तक ये आंकड़ा 9,000 मीट्रिक टन के करीब पहुंच गया। ये सिर्फ वही आंकड़ा है, जो धान सरकार को बेची गई है। बीते साल प्रदेशभर में वायरस की चपेट में आने से किसानों की फ सल बर्बाद हो गई थी। लिहाजा, कई किसानों को खेतों में फ सल पर ट्रैक्टर चलाकर नष्ट करना पड़ा था।

# नौणी विवि के पूर्व छात्र ने कॉटन अनुसंधान पर किए अनुभव सांझा

**टीम एक्शन इंडिया/ सोल/ मनीष**

**डॉ. यशवंत सिंह** परमार औदयानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कीट विज्ञान विभाग के एमएससी और डॉक्टरेट के छात्रों के लिए एक विशेष व्याख्यान सह इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. मेघा पराजुली, जो वर्तमान में टेक्सास विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं और नौणी विवि के भूतपूर्व छात्र है ने छात्रों को संबोधित किया। इस सत्र का आयोजन आईडीपी-एनएएचईपी द्वारा विश्वविद्यालय के एंटोमोलॉजी क्लब के सहयोग से किया गया। मूलतह नेपाल के निवासी डॉ. पराजुली ने 1987 में नौणी विवि से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और वर्तमान में अमेरिका के टेक्सास में कीट विज्ञान विभाग में प्रोफेसर और फैकल्टी फेलो के रूप में कार्यरत हैं। उनकी विशेषज्ञता टिकाऊ उत्पादन के लिए एकीकृत पारिस्थितिक दृष्टिकोण का अनुप्रयोग शामिल है और वह प्रतिष्ठित ग्लोबल जर्नल ऑफ एग्रीकल्चर एंड अलाइड साइंसेज के संस्थापक प्रधान संपादक हैं। डॉ. पराजुली ने ए कॉटन एंटोमोलॉजिस्ट की 40-वर्षीय शैक्षणिक यात्रा वाईएस परमार विश्वविद्यालय में एक व्यापक मूलभूत शिक्षा विषय पर अपना विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। उन्होंने सीमित कनेक्टिविटी और दुर्लभ संसाधनों के साथ नव स्थापित परिसर में अपने स्नातक वर्षों की



यादें ताजा कीं। बातचीत के दौरान, उन्होंने अपने अनुसंधान कार्यक्रमों पर चर्चा की, विशेष रूप से गहन आईपीएम कार्यक्रम के रूप में कीट-पौधे एनवायरनमेंट के इंटरएक्टिव-फंक्शनिंग पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने अमेरिका के कपास पारिस्थितिकी तंत्र में कीट प्रबंधन पर वर्तमान परिदृश्य और भविष्य के शोध योग्य मुद्दों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों और अनुसंधान सहयोगियों/अध्येताओं का वैज्ञानिक ज्ञान प्राप्त करने और कृषक समुदाय की भलाई के लिए कृषि स्तर पर इसके प्रभावी कार्यान्वयन के प्रयासों को निर्देशित करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ पराजुली ने छात्रों और संकाय ने अमेरिका में कीट प्रबंधन परिदृश्यों और भारत में उनकी प्रासंगिकता, जीएमओ फसलों, आणविक कीट विज्ञान और शिक्षा, अनुसंधान और उद्योग में कीट प्रबंधन के भविष्य के प्रॉस्पेक्टस पर उनके प्रश्नों के बारे में छात्रों के साथ बातचीत की।

## जमीनी विवाद को लेकर पिता व पुत्र में हुई मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। थाना हरोली के** तहत ईसपुर में जमीनी विवाद को लेकर पिता व पुत्र में मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में दोनों पक्षों के लोगों को चोटें पहुंची है। वहीं पुलिस ने दोनों ओर से मिली शिकायत के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पहले पक्ष की ओर से मिली शिकायत में उजागगर सिंह निवासी ईसपुर ने बताया कि यह जमीन का मालिक है, लेकिन इसका बड़ा बेटा अमृत सैनी जबर्दस्ती जमीन पर बुआई करता है। रविवार को जब अमृत सैनी ने जमीन की बुआई के लिए ट्रैक्टर बुला लिया।

# संविधान दिवस पर सीएम सुक्खू ने किया सिर्फ कांग्रेस को कोसने का काम

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर सदर** के विधायक त्रिलोक जमवाल ने संविधान दिवस पर हमीरपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुखविंदर के वक्तव्य की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों ने उम्मीद लगा रखी थी कि संविधान दिवस पर मुख्यमंत्री कांग्रेस की चुनावी गारंटियों पर बात करेंगे लेकिन हमेशा की तरह वह केवल केंद्र सरकार और भाजपा को कोसने तक सीमित रहे। कांग्रेस को सत्ता में आए एक साल बीतने को है। प्रदेश सरकार इस अवधि



में केंद्र से विभिन्न योजनाओं और मदों के तहत आ रहे पैसे से अपनी घोषणाओं की गाड़ी चला रही है, लेकिन सार्वजनिक तौर पर यही रोना रोया जा रहा है कि केंद्र से कुछ नहीं मिला है। मुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल के उनके सहयोगी तथा कांग्रेस के विधायक व अन्य नेता अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए केंद्र पर हिमाचल की अनदेखी के झूठे आरोप लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। त्रिलोक जमवाल ने कहा कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को जनादेश इस उम्मीद से दिया है कि वह हिमाचल का विकास करने के साथ ही जनसमस्याओं का समाधान भी करे। संविधान दिवस पर हमीरपुर में आयोजित कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री पुराना राग ही अलाप गए।

# खेलो इण्डिया महिला किक्बॉक्सिंग लीग में मण्डी विजेता

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**मण्डी जिला** के सुन्दरनगर के सिरदा इंजीनियरिंग महाविद्यालय में किकबॉक्सिंग एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश द्वारा भारतीय किकबॉक्सिंग महासंघ वाको इण्डिया के अन्तर्गत खेलो इण्डिया महिला किकबॉक्सिंग लीग का आयोजन नौलखा के सिरदा इंजीनियरिंग महाविद्यालय में किया गया। उदघाटन समारोह में मुख्यतिथि के रूप में राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग संघ के महासचिव डॉ. संजय कुमार यादव परशुराम अवार्डी ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि भारत सरकार खेल मंत्रालय द्वारा किकबॉक्सिंग खेल को खेलो इण्डिया कार्यक्रम में



शामिल करने पर हिमाचल प्रदेश की इस प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से कुल 12 टीमों ने भाग लिया। समापन समारोह में मुख्यतिथि के रूप में बल्ह क्षेत्र के समजसेवक प्रेम सिंह अधिशासी अभियन्ता ने महिला खिलाडि ?ों की हौंसला अफ जाई की। किकबॉक्सिंग लीग में मण्डी 24 स्वर्ण पदकों के साथ विजेता और बिलासपुर 14 स्वर्ण पदकों के साथ उप विजेता रहा। हि.प्र. किकबॉक्सिंग के महासचिव हंस राज शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश की दो सौ महिला खिलाडि ?ों विभिन्न भार वर्गों में तथा विभिन्न आयु वर्गों में भाग लिया। समारोह में विशेष अतिथितियों में हि.प्र. किकबॉक्सिंग के वरिष्ठ उपप्रधान अनिल शर्मा, उपप्रधान वीरेंद्र जगीठता , उप प्रधान उपेन्द्र शर्मा और तकनीकी निदेशक तातामी कृष्ण लाल, उप प्रधान रणबीर ठाकुर, मेजर श्याम जसवाल, काँगड़ा के महासचिव संजय कुमार, बिलासपुर के विजय कुमार, शशि शर्मा रणधीर हरीश चंद्र लाक्टू, ओम प्रकाश, रीना चौहान कोच, दीक्षा भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

# संगड़ाह में जूतों की दुकान में अग्निकांड से लाखों का नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**जिला सिरमौर** के उपमंडल संगड़ाह में काली मिट्टी स्थित बाजार में जूतों की दुकान में भीषण अग्निकांड हुआ है। जिस में पीड़ित को करीब 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। शुरू की जानकारी के अनुसारए आग लगने का कारण बिजली का शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। वहीं अग्निशमन विभाग की टीम भी सूचना मिलते ही मौके पर पहुँच गई थी। प्राप्त सूचना के मुताबिक, दुकानदार राजेन्द्र शर्मा ने की जूतों की दुकान में शार्ट सर्किट से अचानक ही चिंगारी सुलग गई।





देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। जब गश्त पर तैनात पुलिस व होमगार्ड के जवानों ने दुकान से धुआं निकलता देखा तो उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने की काफ ी कोशिश की परन्तु सफ लता हाथ नहीं लगी।

## बेकाबू कार ने रौंद डाले दो लोग, मौके पर हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी। जिला मुख्यालय** के समीप पड़ते घंडावल में अज्ञात वाहन के टक्कर होने से दो व्यक्तियों की मौत होने का मामला सामने आया हैं। मृतक व्यक्तियों की पहचान संदीप कुमार निवासी ईसपुर व मनोहर लाल निवासी शिमला के रुप में हुई हैं। वहीं पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। जानकारी के मतुाबिक दोनों व्यक्ति शिमला के एजी ऑफिस के कर्मचारी हैं, जो अपने एक सहयोगी कर्मचारी की बेटी की शादी में भाग लेने के लिए घंडावल पहुंचे थे।

# श्री श्याम परिवार सोलन ट्रस्ट द्वारा धूमधाम से मनाया गया श्री श्याम जन्मोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

**श्री** श्याम परिवार सोलन ट्रस्ट द्वारा श्री श्याम जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित भंजन संध्या में दिल्ली की भजन गायीका कनिका किशोरी के भंजनो पर उपस्थिति जन समूह को झुमने व नाचने पर मजबूर कर दिया। कनिका किशोरी ने एक के बाद एक मधूर भंजन गाए। सावरीया तेरी चाहत ने मुझे पागल बना दिया, आजा मेरे सावरीया, काली कमली वाला, रंग गुब्बारो से मंडप सजाया है भंजनो के साथ धर्म के साथ जुडे रहने पर भी बहुत से वाक्य कहे। गायिका ने ऐसा डांडिया नृत्य और भंजन ऐसा धमाल करके समा बांध दिया की मुरारी मार्किट हाल हारे के सहारे, बाबा श्याम की



जय, मेंहंदीपूर बाला जी की जय, शीश के दानी की जय, राधा रानी की जय के जयकारो से गुंज उठा। दरबार के लिए सजावट का दीदार करके हर भक्त मंत्रमुग्ध हो गया। भजन संध्या के बाद उपस्थित जनसुमह के लिए श्याम रशोई का विषेश रूप से श्री श्याम परिवार की और से प्रबंध किया गया था उपस्थित सभी भक्तो ने श्याम रशोई मे भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। संस्था के प्रधान त्रिलोक अग्रवाल ने भजन गायीका व उपस्थित भक्तो का संध्या मे आने के लिए धन्यवाद किया। चेयरमैन राकेश अग्रवाल ने कहा की श्री श्याम परिवार सोलन किसी एक जाती विषेश का नही है संस्था के साथ जो भी जुडना चाहे हम उसका स्वागत करते है। विषेश मुख्य सलाहकार अशोक गुप्ता ने कहा कि श्याम परिवार ट्रस्ट धार्मिक समाजिक कार्यो मे अपना योगदान करती रही है और भविष्य मे भी करती रहेगी धार्मिक अयोजनो से जहां धर्म का प्रचार होता है वही आपसी भाईचारा भी बढता है जो एक सभ्य समाज की रचना करने में सहयोग करता है। संध्या में ट्रस्ट के सभी सदस्य, शहर की विभिन्न सभाओं के सदस्य व समाजसेवी विरिष्ठ नागरीको ने विशेष रूप से श्याम बाबा के समक्ष शीश नवाया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

# रोहित ठाकुर ने जुब्बल उपमंडल की 2 सडकों का किया भूमि पूजन, 32 करोड़ होंगे खर्च

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**शिक्षा मंत्री रोहित** ठाकुर ने आज जुब्बल उपमंडल के अंतर्गत लगभग 32 करोड़ रूपए की 2 सडकों का भूमि पूजन किया।उन्होंने सावडा हाटकोटी कैंची में सावडा-कठासू-बटाड गलू सम्पर्क मार्ग के उन्नयन एवं चौड़ीकरण कार्य का भूमि पूजन किया। सडक के स्तरोन्नत कार्य पर लगभग 19 करोड़ 13 लाख रुपए की राशि खर्च होगी। इसके उपरांत शिक्षा मंत्री ने अंटी-सभार सडक के स्तरोन्नत कार्य का भूमि पूजन किया। इस सडक के स्तरोन्नत कार्य पर लगभग 12 करोड़ 79 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि दोनो सडकों के स्तरोन्नत कार्य पूर्ण होने से क्षेत्र के लोग एवं बागवान अवश्य



रूप से लाभान्वित होंगे।

महाविद्यालय भवन की रखी आधारशिला, 3 करोड़ होंगे व्यय

शिक्षा मंत्री ने लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय सरस्वती नगर के स्नातकोत्तर एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम ब्लॉक की आधारशिला रखी। शैक्षणिक ब्लॉक का निर्माण कार्य लगभग 3 करोड़ रुपए से पूर्ण किया जाएगा। भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होने से महाविद्यालय में शुरू हुए नए 6 विषय के छात्रों को लाभ मिलेगा। 6 विषयों में स्नातकोत्तर में हिंदीए इंग्लिश एवं एमकॉम, स्नातक में समाजशास्त्र एवं बी वॉक के रिटेल मैनेजमेंट तथा टूरिज्म हॉस्पिटैलिटी विषय शामिल है। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि क्षेत्र का भविष्य इस महाविद्यालय के हाथ में है। संस्थान को सुदृढ़ करने के लिए हर संभव प्रयास किए जायेंगे। उन्होंने महाविद्यालय के खेल मैदान एवं सभागार का निर्माण कार्य जल्द आरंभ करने का आश्वासन दिया ताकि उसका लाभ यहां के छात्रों को मिल सके।

# गुरु पर्व पर डीएवी विद्यालय हरदासपुरा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**भारतीय संस्कृति** हमारी पहचान है और हमारी पहचान और सम्मान तीज त्योहार हैं। त्योहार या पर्व उल्लास, परंपरा, आनंद और मित्रता के प्रतीक होते हैं। ये हमारी सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक हैं। जीवन में त्योहारों का बहुत महत्व है। इसी महत्व को समझते हुए डीएवी स्कूल हरदासपुरा में गुरुपर्व के उपलक्ष पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से लेकर कक्षा दूसरी तक के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अशोक कुमार गुलेरिया ने महापुरुष गुरु नानक देव जी को श्रद्धासुमन अर्पित कर किया। विद्यालय के संगीत अध्यापक विकास ने गुरु वाणी प्रस्तुत की। इसके पश्चात



नर्सरी एबीसी कक्षा के छात्रों ने पुराने गानों पर समा बांधा। कक्षा एलके जी के बच्चों ने बहुत सुंदर हिमाचली नाटी प्रस्तुत की। वहीं दूसरी और कक्षा एल. केजी की छात्राओं ने इतनी सी हंसी गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा एलकेजी, के छात्रों ने स्कूल चले हम गाने पर प्रस्तुति दी। कक्षा नर्सरी से लेकर दूसरी कक्षा तक के बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रस्तुत किया। सुंदर परिधानों में सजे धजे विद्यालय के नन्हे मुन्नों ने समा बांध लिया। दक्षिण भारत नृत्य लूंगी डांस,उत्तर भारत का कश्मीरी नृत्य बुमरो जीत पर, पंजाबी नृत्य, गोपियों का अधरम मधुरम् नृत्य, फि ल्मी गीत पर नृत्य कर बच्चों ने भारत दर्शन करवा कर सबका मन मोह लिया।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने बच्चों को तथा उनके अभिभावकों को गुरु पर्व की शुभकामनाएं दी।

# लोकसभा चुनाव से पहले ही मुरछा रहा कमल

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव चौहान ने भाजपा के खिलाफ खोला मोर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**प्रदेश कांग्रेस** कमेटी के प्रवक्ता सौरव चौहान ने कहा कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले ही भाजपा का कमल मुजार्ने लगा है। यही वजह है कि आज हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा जनहित के निर्णयों से भाजपा के नेता घबराने लगे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से ही इंगलिश मीडियम शुरू करने का निर्णय लिया, जो अपने आप में एक सराहनीय कदम है। सौरव चौहान ने कहा कि



कर्मचारियों को ओपीएस का तोहफ ा दिया तो विपक्ष इस पर भी राजनीति करने लगा। जो कर्मचारियों के प्रति नकारात्मक सोच को दशार्ता है। सौरव चौहान ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में इन दिनों भाजपा के नेता बेवजह शोर मचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव में स्थानीय विधायकों को चुनाव का अधिकार देना सरकार का सही फैसला है। उन्होंने कहा कि विधायकों की मांग पर स्वस्थ लोकतंत्र की दिशा में प्रदेश सरकार का यह एक सही फैसला है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से विधायकों की ओर से मांग की जा रही थी कि विधायकों को मत देने का अधिकार भी दिया जाना चाहिए। ऐसे में सरकार ने उनकी इस मांग पर गौर करते हुए विधायकों को नगर निगम चुनाव में हिस्सा लेने का अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि इससे लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा।

# शिक्षक और अभिभावक के हाथ होती है बच्चों की सफलता की डोर

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**बच्चो की सफ लता** की डोर शिक्षक और उसके अभिभावकों के हाथ होती है। जीवन में किसी भी जगह चले जाए बचपन व माध्यमिक स्कूल तक की शिक्षा जीवन का निर्णायक बन जाती है विधालय और बचपन की तस्वीर सदैव स्मरणीय रहती है यह बात एसीसी अडानी ग्रुप के चीफ प्लांट मैनेजर स्क्वाड्रन लीडर संजय वशिष्ठ ने डीएवी बरमाणा के वार्षिक पारितोषिक वितरण के भव्य आयोजन के दौरान बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कही। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी मीनल वशिष्ट, डीएवी मैनेजमेंट के सेक्रेटरी



आर तलवार तथा ट्रेजरार शोफत, डीएवी जोन सी के क्षेत्रीय डायरेक्टर केएल गुलेरिया ने गेस्ट ऑफ ऑनर से अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करवाई। मुख्यातिथि ने गुणात्मक शिक्षा व खेलों को लेकर जिला भर में उत्कृष्ट स्थान रखने वाले डीएवी शिक्षण संस्थान बरमाणा की सफ लता की कहानिया का जिक्र करते हुए कहा कि हमे भी इस शिक्षा के मंदिर से जुड? का मौका मिला।

डीएवी बरमाणा ने हर क्षेत्र में निरंतर परिश्रम करते हुए सफ लता की कहानिया बुनी है जिसके लिए बरमाणा विशेष बन जाता है। प्रतिभा व परिश्रम के सुखद अनुभव देने के उपरांत यह शिक्षण संस्थान उच्च कोटि का अनुभव करवाता है। नींव कमजोर हो तो मंजिल स्वयं गिरने की कगार पर रहती है। हमारा जीवन भी ट्रैफि क नियमों की तरह हरी बत्ती तक पहुँचने के लिए लाल बत्ती का समाना करने के समान है और उसी तरह हमें अपने जीवन में सफलता हासिल करने के लिए असफलता का समाना करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कितने भी धनवान बन जाये।

# युवा कांग्रेस ने हरोली में आयोजित किया बूथ जोड़ो यूथ जोड़ो अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। कांग्रेस के** राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास के निर्देशानुसार पुरे भारत में बूथ जोड़ो यूथ जोड़ो अभियान अलग-अलग राज्यों में चलाया जा रहा हैं। इसी के उपलक्ष्य पर युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष नेगी निगम भंडारी की अध्यक्षता में यूथ कांग्रेस की बूथ जोड़ो यूथ जोड़ो अभियान के तहत सोमवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का आयोजन जल शक्ति विभाग टाहलीवाल के विश्राम गृह में किया गया।

# 6 दिवसीय कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**6 दिवसीय कश्मीरी** युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का हुआ समापन अविनाश नेगी, निदेशक, अटल बिहारी वाजपेई पर्वतारोहण एवं संवध संस्थान, मनाली ने बत्तौर मुख्यातिथि की शिरकत। नेहरू युवा केंद्र कुल्लू, युवा मामले विभाग, भारत सरकार के द्वारा 6 दिवसीय कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का आयोजन अटल बिहारी वाजपेई पर्वतारोहण एवं संवध संस्थान मनाली में हुआ। यह कार्यक्रम 20 नवंबर, 2023 से 25 नवंबर, 2023 तक आयोजित किया गया, जिसमें



कश्मीर घाटी के 6 जिलों बडगांव, अनंतनाग, श्रीनगर,पुलवामा, बारामुला और कुपवाड़ा के 132 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कश्मीर घाटी के पर्यटन, स्थानीय उत्पादों, वयंजनो को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही युवाओं के बीच राष्ट्रीय एकता और आदर्श नागरिक के रूप में कार्य करने के लिए प्रतिभागियों का उन्मुख विकास तथा भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा की भावना विकसित करना है। इस 6 दिवसीय कार्यक्रम के समापन समारोह में अविनाश नेगी, निदेशक, अटल बिहारी वाजपेई पर्वतारोहण एवं संबध संस्थान, मनाली ने बत्तौर मुख्यातिथि की शिरकत। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ईरा प्रभात, राज्य निदेशक, नेहरू युवा केन्द्र संगठन, हिमाचल प्रदेश के द्वारा की गई। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम के सफ ल आयोजन के लिए नेहरू युवा केन्द्र, कुल्लू को एवं भारत सरकार को बधाई दी तथा कहा की यह कार्यक्रम भारत सरकार का एक अनूठा प्रयास है।

# पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ विश्व शांति के लिए किया गया पंचभीष्म महायज्ञ

## डेरा बाबा रुद्रानंद में उमड़ा श्रद्धा और आस्था का जनसैलाब

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**उत्तर भारत के** सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल डेरा बाबा रुद्रानंद नारी में आयोजित पंचभीष्म महायज्ञ सोमवार को पूणार्हुति के साथ संपन्न हो गया। आश्रम अधिष्ठाता स्वामी श्री1008 सुग्रीवानंद जी महाराज ने खुद पूणार्हुति डालकर इस धार्मिक अनुष्ठान का समापन किया। इस मौके पर स्थानीय विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो और पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने भी हवन यज्ञ में पहुंचकर पवित्र आहुतियां डाली। महायज्ञ का आयोजन काशी विश्वनाथ से पहुंचे विद्वानों द्वारा विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ किया गया। महायज्ञ के उपलक्ष्य में देश-विदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और करीब 173 साल से अखंड चल रहे पवित्र धूने पर शीश नवाया। कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे श्रद्धालुओं ने बताया कि भारत देवी देवताओं की पवित्र भूमि है, और इसमें हिमाचल प्रदेश को विशेष रूप से देवों की स्थली माना गया है। हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना में अंब-ऊना संपर्क मार्ग पर बसाल से करीब 4 किलोमीटर की दूरी पर गांव नारी में विराजमान ब्रह्मचार्य डेरा बाबा रूद्रु के नाम से सुप्रसिद्ध अपनी



समसामयिक, सामाजिक, अध्यात्मिक तथा रचनात्मक गतिविधियों के कारण विशेष व महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस आश्रम का प्रमुख देवता अग्निदेव है, आश्रम में हजारों लाखों श्रद्वालु यहां केवल अखंड अग्नि के प्रति अपनी श्रद्धा भेंट करने के लिए अखंड धूना के सम्मुख नतमस्तक होते हैं। इस अखंड धूने को 1850 में बाबा रुद्रानंद जी ने बसंत पंचमी के दिन अग्नि देव की साक्षी में स्थापित किया था। अखंड धूने से देश-विदेश के लाखों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है और रोजाना यहां सैंकड़ों लोग नतमस्तक होते हैं। हर साल पंचभीष्म के उपलक्ष्य में कोटि गायत्री महायज्ञ होता है। जिसमें बनारस से आए विद्वान विधिवत पूजा अर्चना करवा रहे हैं। जबकि 500 से अधिक पंडित यज्ञशाला में कोटि गायत्री का जाप कर रहे हैं। डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम नारी के प्रांगण में विद्यमान पांच पीपल कोई साधारण वृक्ष नहीं हैं। यह पांचों पीपल चमत्कारिक हैं। क्योंकि इस जगह सालों पहले पांच ऋषियों ने योग समाधि ली थी, जो बाद में पांच पीपलों के रूप में प्रकट हुए। ऐसी मान्यता है कि इनके नीचे सर्प दंशित व्यक्ति का जहर अखंड धूने की विभूति लगाने से उतर जाता है। पीपलों की परिक्रमा करने से भूतप्रेत बाधा और मानसिक रोगों से मुक्ति मिलती है। हर रोज आश्रम में आने वाले सैंकड़ों श्रद्धालु इन पीपलों की परिक्रमा करते हैं। इस दौरान आयोजित मेले में आस्था और श्रद्धा का खूब जनसैलाब उमड़ा रहा।

# महापर्व रैली ऑफ लाहौल स्पीति का सिस्सू हेलीपैड में शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/ केलांग/ अंगारिया**

**मोटर स्पोर्ट्स** का महापर्व रैली ऑफ लाहौल स्पीति का आज सिस्सू हेलीपैड में उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया ।तीन दिवसीय इस मोटर स्पोर्ट्स रैली में हिमाचल के अलावा चंडीगढ़ व पंजाब से प्रतिभागी पहुँचे ।विभिन्न श्रेणियों और पुरुष और महिला दोनों प्रतिभागियों के साथ 100 से अधिक उत्साही प्रतिभागियों के साथ तीन दिनों तक चलेगी। रैली का उद्देश्य मोटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देना के




साथ-साथ घाटी में से साहसिक खेलो के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देना है। उपायुक्त राहुल कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिये। रैली के आयोजन से राइडर्स के मध्य भाईचारा व राईडिंग स्किल बढ़ता है। राहुल कुमार ने कहा कि खेल, साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और पर्यटन को बढ़ावा देने की क्षमता में आयोजन की भूमिका महत्वपूर्ण है और इससे युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित करने, उन्हें नशीली दवाओं के दुरुपयोग के नुकसान से दूर रखने में ऐसे आयोजन व खेलो की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दौरान एसडीएम केलांग रजनीश, उपप्रधान सिस्सू संदीप, रैली ऑफ लाहौल स्पीति के पदाधिकारी रिगजिन रप्पा ओम प्रकाश, अशोक नेगी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे

# पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ऊना को मिला गृहा 5 स्टार रेटिंग पुरुस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। पीएम श्री** स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय पेखुबेला ऊना को होटल हयात रीजेंसी नई दिल्ली में 15वें गृहा शिखर सम्मेलन 2023 के दौरान मौजूदा स्कूलों के लिए गृहा के तहत गृहा 5 स्टार रेटिंग पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राज सिंह ने शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश भर में 14500 विद्यालयों को पीएम श्री स्कूल योजना के तहत विकसित करने के लिए चयनित किया गया है। इसी क्रम में 312 जवाहर नवोदय विद्यालयों को पीएम श्री स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा हैं।

# सुंडली ग्रामवासियों ने शिक्षा मंत्री को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए भेंट की 31 हजार की राशि

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**जुब्बल उपमंडल** के अंतर्गत ग्राम सुन्डली के सदस्यों ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को सरस्वती नगर सावडा में मुख्यमंत्री राहत कोष में 31 हजार का चेक भेंट किया। शिक्षा मंत्री ने इस अंशदान के लिए समस्त ग्राम वासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के योगदान संकट की घड़ी में जरूरतमंदों की मदद के लिए महत्वपूर्ण हैं। जय बनाड़ स्पोर्ट्स कल्ब सुंड़ली ने प्रतियोगिता की सफलता पर जताई खुशी खेलकूद प्रतियोगिताएं आपसी भाईचारें को मजबूत बनाने का काम करती हैं। यह बात जय बनाड़ स्पोर्ट्स कल्ब, सुंड़ली के अध्यक्ष राकेश खोकटा, प्रधान अमित धौटा, कोषाध्यक्ष मून खोकटा, सचिव साहिल दिलटा, बनी और अक्षय ने प्रेस को जारी एक बयान में कही। उन्होंने कहा कि क्लब की मेहनत और आपसी सहयोग से लगातार 13वें संस्करण की क्रिकेट प्रतियोगिता का सफ ल आयोजन सम्भव हो पाया हैं जिसका श्रेय क्लब के हर पदाधिकारी को जाता हैं। क्लब ने हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का व्यस्तता के बावजूद भी समापन समारोह में भाग लेने के लिए क्लब की ओर से धन्यवाद व्यक्त किया। क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रतियोगिता में 128 टीमों ने भाग लिया और प्रतियोगिता 18 दिन तक चली। क्लब ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का क्लब को 50 हजार की राशि देने के लिए आभार जताया। उन्होंने बलवंत झौटा, अजय सौटा, विक्की घेजटा, यशवंत धौटा, केतन नेगी, मदन जनटा, नवीन चौहान, तक्षु औकटा, विक्की राठौर, रवि दिलटा, भूपी सौटा, मनोज मंटा, अशोक दिलटा का क्लब को सहायता राशि देने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया हैं।

# शिवपुरी विकास समिति ने पंचघाटड़ा घाट विभौर में चलाया सफाई अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**शिवपुरी विकास** समीति के सदस्यों द्वारा पंचघाटड़ा घाट विभौर में सफाई अभियान चलाया गया। समीति के सदस्यों ने यहां सफाई अभियान चलाकर लोगों को संदेश देने का प्रयास किया कि यह एक पवित्र स्थल है और इसको साफ सुधरा रखने का प्रयत्न करना चाहिए। समीति के उपाध्यक्ष पंकज सहोड़ ने बताया कि इस अभियान से लगभग 25 गांवों से युवा, बुजुर्ग व अन्य लोग जुडक? घाट पर सफाई अभियान चला रहे हैं। पंकज सहोड़ ने कहा समिति के अध्यक्ष सतीश कुमार के मार्गदर्शन में सफाई अभियान चलाया जा रहा



है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों शिवपुरी विकास समिति, पंचघाटड़ा घाट विभौर के साथ जुड़ें और इस प्राचीन धरोहर को संभालने में सहायता करें। इस अभियान को देखकर युवा व अन्य लोग भी घाट की साफ सफाई के कार्य में जुट गए हैं। हाल ही में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें समिति ने शमशान घाट सहित पंचघाटड़ा घाट विभौर की साफ सफाई की जा रही है। इस मौके पर समिति के कोषाध्यक्ष जय गोपाल शर्मा, वरिष्ठ सलाहकार विनोद कुमार, सलाहकार मूलराज सोनी, जसपाल, विनोद कुमार, अभिषेक शर्मा, वरुण मेहरा, अरुण, अज्ञापाल, विनोद भोलू, सज्जन सिंह, काला बजाज,गोविंद, दीपक वशिष्ठ, सात्विक, अश्विनी कालिया व अनिल कालिया उपस्थित रहे।

# चीन में फैली रहस्यमय बीमारी से भारत पूरी तरह अलर्ट मोड में आया



किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

"उत्तरी चीन में बच्चों में श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि का संकेत देने वाली हालिया रिपोर्टों के मद्देनजर पर्याप्त सावधानी बरतने के लिए, श्वसन संबंधी बीमारियों से निपटने के लिए तैयारियों के क्रम में किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा करने का निर्णय लिया है। मौजूदा इन्फ्लूएंजा और सर्दी के मौसम को ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है, जिसके परिणामस्वरूप श्वसन संबंधी बीमारी में वृद्धि हुई है। भारत सरकार इस पर बारीकी से नजर रख रही है। भारत सरकार ने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। सभी राज्यों और केंद्र-शासितप्रदेशों को कोविड-19 के संदर्भ में संशोधित निगरानी रणनीति, के लिए परिचालन दिशानिर्देश' लागू करने की सलाह दी गई"

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां अभी कोविड-19 महामारी से उबर भी नहीं पाई है कि फिर एक बार मेडिकल इमरजेंसी की आहट सुनाई दे रही है, क्योंकि उत्तरी चीन के बच्चों में तथाकथित निमोनिया जैसी रहस्यमय बीमारी तेजी से फैल रही है, स्थिति यहां तक है कि एक दिन में सात हजार से अधिक केस आने से स्थिति विस्फोटक होते जा रही है और अब डब्लूएचओ ने भी कमेंट कर बेहतर प्रतिक्रिया तंत्र की तलाश करने का दबाव बनाया जा रहा है तो अब पूरी दुनियां अलर्ट हो गई है,क्योंकि कोविड महामारी के भयंकर नतीजे में लाखों नागरिकों की जान जा चुकी है इसलिए अब भारत भी अलर्ट मोड में आ गया है। दिनांक 26 नवंबर 2023 को दो पृष्ठों के प्रेस रिलीज, पीआईबी में जानकारी दी गई है। राज्य केंद्र शासित प्रदेशों को केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने इस संबंध में पत्र जारी कर खास निर्देश दिए हैं। चूंकि कोविड के नतीजे पूरी दुनियां भुगत चुकी है इसलिए इस रहस्यमय बीमारी पर अलर्ट रहना जरूरी है, इसलिए आज हम मीडिया प्रेस और पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, चीन में बच्चों में फैली श्वास की रहस्यमय बीमारी पर डब्लूएचओ सहित पूरी दुनियां अलर्ट हुई है इसको रेखांकित करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम कोविड-19 के बाद नई इस रहस्यमय बीमारी की दस्तक की करें तो, चीन में कोरोना महामारी के बाद एक नई बीमारी ने दस्तक दे दी है। इस बीमारी का बच्चों पर ज्यादा असर पड़ रहा है। इस बीमारी की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वहां की सरकार ने कई स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय भी इसे लेकर अलर्ट हो गया है। किसी द्वारा फैलाई गई कोरोना महामारी से दुनिया अभी पूरी तरह से उबरी भी नहीं है कि अब एक और बड़ी मेडिकल इमरजेंसी की आहट सुनाई देने लगी है. इस बार फिर वही बीमारी का जनक बनता नजर आ रहा है। उत?तरी चीन के बच?चों में निमोनिया की बीमारी तेजी से फैल रही है. आलम यह है कि स्थिति विस्?फोटक हो गई है। चीन में डॉक?टर कोरोना की तर्ज पर एक और बीमारी के खतरे से सहमे लोगों को भ्रम नहीं फैलाने की सलाह दे रहे हैं। साथियों बात अगर हम केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी खास निदेर्शों की करें तो, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव द्वारा राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को लिखे गए एक पत्र में, उन्हें जन स्वास्थ्य और अस्पताल की तैयारियों की तुरंत समीक्षा करने की सलाह दी गई है। मानव संसाधन, अस्पताल में फ्लू के लिए दवाएं और टीके, मेडिकल ऑक्सीजन, एंटीबायोटिक औषधियों, व्यक्तिगत सुरक्षा के उपकरणों, टेस्टिंग किट एवं रिएजेंट, ऑक्सीजन प्लांट और वेंटिलेटर की पर्याप्त उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं में संक्रमण की रोकथाम के पर्याप्त उपाय इनमें शामिल हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल के सप्ताहों में उत्तरी चीन में बच्चों में श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि का संकेत देने वाली हालिया रिपोर्टों के मद्देनजर पर्याप्त सावधानी बरतने के लिए, श्वसन संबंधी बीमारियों से निपटने के लिए तैयारियों के क्रम में किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा करने का निर्णय लिया है। मौजूदा इन्फ्लूएंजा और सर्दी के मौसम को ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है, जिसके परिणामस्वरूप श्वसन संबंधी बीमारी में वृद्धि हुई है। भारत सरकार इस पर बारीकी से नजर रख रही है। भारत सरकार ने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। सभी राज्यों और केंद्र-शासितप्रदेशों को कोविड-19 के संदर्भ में संशोधित निगरानी रणनीति, के लिए परिचालन दिशानिर्देश' लागू करने की सलाह दी गई है, जिसे इस वर्ष की शुरूआत में जारी किया गया था और जो इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन रोग (एसएआरआई) के मामलों के रूप में पेश होने वाले श्वसन रोगजनकों की एकीकृत निगरानी प्रदान करता है। उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया है कि एकीकृत रोग निगरानी परियोजना (आईडीएसपी) की जिला और राज्य निगरानी इकाइयों द्वारा विशेष रूप से बच्चों और किशोरों में आईएलआई/एसएआरआई के लक्षणों की बारीकी से निगरानी की जानी चाहिए। विशेष रूप से मेडिकल कॉलेज अस्पतालों सहित सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों से मिलने वाले आईएलआई/एसएआरआई का डेटा आईडीएसपी आईएचआईपी पोर्टल पर अपलोड करना आवश्यक है। राज्यों ने श्वसन परीक्षण के लिए राज्यों में स्थित वायरस रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लेबोरेटरीज (वीआरडीएल) को एसएआरआई वाले रोगियों, विशेष रूप से बच्चों और किशोरों के नाक और गले के स्वाब के नमूने भेजने के लिए कहा है। इन एहतियाती और व्यापक उपायों के परिणामस्वरूप किसी भी संभावित स्थिति का मुकाबला करने और नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित होने की उम्मीद है। हाल ही में, विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा साझा की गई जानकारी से चीन के उत्तरी भागों में श्वसन संबंधी बीमारी में वृद्धि का संकेत मिला है।मुख्य रूप से इन्फ्लूएंजा माइकोप्लाज्मा निमोनिया, सार्स-कोव-2 आदि के सामान्य कारणों को इसके लिए जिम्मेदार बताया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, सर्दी के मौसम की शुरूआत के साथ-साथ माइकोप्लाज्मा निमोनिया जैसी श्वसन संबंधी बीमारियों के प्रसार के साथ-साथ कोविड-19 प्रतिबंधों को हटाया जाना भी इसमें वृद्धि का कारण बना। जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चीनी अधिकारियों से अतिरिक्त जानकारी मांगी है, यह आकलन किया गया है कि फिलहाल घबराने का कोई कारण नहीं है।

साथियों बात अगर हम चीन में तेजी से बढ़ते प्रकोप की करें तो, इस बीमारी के बढ़ते प्रकोप के चलते चीन के उत्तरी हिस्से में स्कूलों को बंद करना पड़ा है। चीन के स्वास्थ्य आयोग ने कहा कि रोगाणुओं का संयोजन तीव्र श्वसन संक्रमण में वृद्धि का कारण बन रहा है. राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के प्रवक्ता मी फेंग का कहना है कि? इन्फ्लुएंजा, मामलों में बढ़ोतरी के मुख्य कारणों में से एक है. उनका कहना है कि? राइनोवायरस,माइकोप्लाज्मा निमोनिया और रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस भी फैल रहे हैं। इस बीच देखा जाए तो केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार (24 नवंबर) को एक बयान में कहा था कि चीन के बच्चों में एच9एन2 के प्रकोप और उनके श्वसन संबंधी कई बीमारी से घिरने की घटना पर सरकार गहन नजर रखे हुए है। अपने दक्षिणी और उत्तरी प्रांतों के लोगों खासकर बच्चों में माइकोप्लाज्मा निमोनिया और इन्फ्लूएंजा फ्लू के बढ़ते मामलों पर वैश्विक चिंताओं के बीच, चीन ने दावा किया है कि मौसमी बीमारी के अलावा इसका कारण कोई असामान्य या नया रोगाणु नहीं पाया गया है।




## संपादकीय

# सोशल मीडिया पर नग्नता का नंगा नाच

**पूरा देश** नग्नता के लिए फिल्मों को दोष देता है परंतु आज सोशल मीडिया (सामाजिक पटल) पर इतनी भयंकर नग्नता है कि हमारी जो भारतीय फिल्में को भी शर्म आ जाए। आज कोई भी सोशल प्लेटफार्म अछूता नहीं है फूहड़पन और नग्नता से। सोशल मीडिया के अंधे दौर में कुछ लाइक और व्यू पाने के लिए हमारे समाज की नारियों को कैसे लक्षित किया जा रहा है और उन्हें नग्नता परोसना पड़ रहा है। और वो लाइक और व्यू के आसमान में उड़ने के लिए नग्नता परोस स्वयं के मान सम्मान स्वाभिमान का सौदा आसानी से कर रही है। कुछ चप्पल छाप यूट्यूबर्स लोग केवल व्यू पाने के लिए हमारी आस्था पर इस तरह के अश्लीलता वाले थम्बनेल लगाते हैं। किससे क्या कहें? जीवन का चरमसुख अब फॉलोअर्स पाने और कमेंट आने पर निर्भर हो गया है। फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर नग्न अवस्था में तस्वीरें शेयर कर आज लड़कियां लाइक कमेंट पाकर खुद को अनुगृहित करती दिखाई देती है, मानो जीवन की सबसे अहम और जरूरी ऊंचाई को उन्होंने पा लिया हो। इस नग्नता को हम आधुनिकता के इस दौर में न्यू फैशन कहते हैं। सोशल मीडिया पर फैशन की उबाल आई तो सोशल नेटवर्क पर युवा पीढ़ी ने खुद को खूबसूरत युवतियों से पीछे पाया, फिर क्या युवकों ने खुद की नग्नता का नंगा नाच शुरू किया और कहा, मैं पीछे कैसे ? युवा अपने यौवन को दिखाते घूम रहे हैं मैं किसी से कम नहीं। ऐसे बिगड़ैल यूट्यूबर के इंटरव्यूज होना और भी अचरज की बात है। पहले के जमाने में बड़े बुजुर्ग इस तरह की हरकतों पर नकेल कसते थे। खैर जमाना आधुनिक है इस लिए समाज इसे स्वीकारता और आनंदित होता है। पर ये बहुत ही गम्भीरता से सोचने का विषय है - हमारे घरों के छोटे-छोटे बच्चे किस दिशा में जा रहे हैं। माता-पिता क्यों जानबूझ कर अनदेखा कर रहें हैं? क्यों नहीं अपने बच्चों को टाईम और संस्कार देना चाहते हैं? क्यों अपने हाथो अपने बच्चो को दलदल में धकेल रहें हैं। आजकल के माता-पिता बहुत ज्यादा मार्डन है और उन्हें नंगापन, बॉयफ्रेंड और मार्डन परिवेश बेहद आकर्षित करती है। ये आने वाली पीढ़ी और समाज के लिए घातक सिद्ध होगा। टीनएजर लड़कियों की मनःस्थिति को अपने खास मकसद के मुताबिक ढाला जा रहा है। अब तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस आभासी नग्नता के अड्डे बने हुए हैं। वल्गर रील्स और वीडियोस तो अब हर घर के टीनेजरस बना ही रहे हैं। अब तो ऐसा महसूस होने लगा है कि वैश्यावृति के अड्डे भी नये विकल्पों के साथ हवस परस्त मर्दो के लिए उपलब्ध हो गए हैं। सोशल मीडिया पर आजकल जो ये फॉलोवर बढ़ाने के लिए जो नग्नता परोसी जा रही है। क्या उसमें परोसने वाले ही दोषी हैं? क्या उसको लाइक और शेयर करने वाले दोषी नहीं हैं ? मेरे हिसाब से तो वो ज्यादा दोषी हैं। अगर हम ऐसी पोस्ट या वीडियो को लाइक शेयर करना ही बंद कर दें तो क्या ये बंद नहीं हो सकता ? आज सामाजिक विकार अपने सफर के सफलतम पड़ाव में है। रोकथाम की कोई गुंजाइश नही है। अब तो प्रलय ही इसकी गति को रोक सकती है। सोशल मीडिया में रील्स पर नग्न और अश्लील नृत्य की नौटंकी करने वाली बेटियों से निवेदन है कि चंद कागज के टुकड़ों के लिए अपने परिवार और धर्म की इज्जत तार-तार ना करो। पैसे आपको आज नृत्य के लिए नही अपितु नग्नता परोसने के लिए दिए जा रहे है ताकि पूरे समाज को एक दिन रसातल में धकेल कर नीचा दिखाया जा सके।

## कविता

### उजाले दिन की एक खूबसूरत शाम दूँ।

आ तुझे प्यारा सा एक नया नाम दूँ,
उजाले दिन की एक खूबसूरत शाम दूँ।

पैगाम है मेरे तेरे नाम न जाने कितने ,
प्यार में तेरे उन्हें रंगीन अंजाम दूँ।

हकीकत बड़ी कठोर,बेदिल,बेरहम है,
मौशिकी का तुझे,एक खनकता जाम दूँ।

आज मिले हैं, कल शायद जुदा भी होंगे,
गमगीनी में तुझे,विदाई खुले-आम दूँ।

मोहब्बत की कई दास्ताने अमर हुई है,
आओ इन शब्दों को आज नया पैगाम दूं।

इश्क तेरे नाम से शुरू, वही से होता खत्म ।
तू ही बता संजीव इसे कैसे अंजाम दूं।

संजीव ठाकुर

# मध्यम कद के शहरों का स्मार्ट सिटी में परिवर्तन ,यथार्थ या केवल हवा की बातें'

**बड़े विदेशी** शहरों के अनुरूप भारत में भी ऐसे बड़े शहरों की जरूरत महसूस हो रही है,जहां के निवासियों की सभी जरूरतों को त्वरित व तेजी से पूरा किया जा सके। ऐसे शहरों को स्मार्ट सिटी का नाम दिया जा रहा है' जिस शहर में सभी गुणवत्ता पूर्ण आम लोगों को सुविधाएं कम सेवा मूल्य पर और आसानी से उपलब्ध हो सके। जहां लोगों के जीवन यापन के तरीके इतने सुलभ व संतुलित हो की धूल प्रदूषण से मुक्त सड़कें ,पानी, बिजली आसानी से उपलब्ध हो सके' और वहां पर घर पहुंच घर में बैठे-बैठे इंटरनेट और सोशल मीडिया पर क्षण भर में सभी प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सके।, आम नागरिक जन सुविधाओं से स्वतंत्रता के बाद अब तक जूझ रहा हैं, तो उसका त्वरित निराकरण संचार माध्यमों से हो सके। ऐसे स्मार्ट शहर की स्थापना किया जाना केंद्र सरकार का लक्ष्य बन गया है' पर क्या भारत की जनसंख्या की विशालता को देखते हुए और भारत के मेट्रोपॉलिटन शहरों की संघनता और जनसंख्या को दृष्टिगत रख इन्हें स्मार्ट सिटी में बदला जा सकता है? यदि सरकार और आम नागरिकों का दृढ़ निश्चय संकल्प हो, और आपसी सहयोग तथा सामंजस्य बेहतर तरीके से हो जाए तो भारत में स्मार्ट सिटी की परिकल्पना यथार्थ रूप भी ले सकती है' यदि दूसरे तरीके से और दूसरे नजरिए से इस तथ्य को देखा जाए तो स्मार्ट सिटी में पर्याप्त बिजली, पानी,भोजन,घर आदि की उपलब्धता के साथ-साथ स्वास्थ्य, सुरक्षा,शिक्षा, मनोरंजन, यातायात की सुविधाएं भी आसानी से प्राप्त हो जाएं और आरामदायक जीवन से संबंध सभी आर्थिक गतिविधियों का संचालन सुचारू रूप से चलता रहे। ऐसी स्मार्ट सिटी यदि भारत में बन जाती है, तो भारत से ज्यादा विकासवान दूसरा भी नहीं हो सकता है। तो ऐसे शहर की परिकल्पना केवल दृढ़ संकल्प और सार्थक मेहनत के प्रतिफल के रूप में ही की जा सकती है। देश के प्रधानमंत्री ने पूर्व स्वतंत्रता दिवस पर भारत में 100 से ज्यादा शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणा भी की है। और इसके लिए उन्होंने 9 हजार करोड़ रुपयों का बजट का प्रावधान भी रखा है। वैसे तो प्रधानमंत्री के इस स्वप्निल विचारों को मूर्त रूप देने के लिए केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय द्वारा एक पूरा मैनुअल जारी किया गया है। यह परियोजना आने वाले वर्षों में मूर्त रूप लेगी। देश के 40 लाख से अधिक आबादी वाले 9 शहरों,10 लाख से 40 लाख आबादी वाले 44 शहरों, 5 लाख से 10 लाख आबादी वाले 20 शहरों, सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानियों के अंतर्गत आने वाले लगभग 37 शहर सहित पर्यटन व धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण 15 शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की योजना बनाई गई है।

## विचार

# क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानवता के लिए खतरा है?

**विजय गर्ग**

**यदि** आप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर लेखों से भरे नहीं हैं, तो आप शायद चट्टान के नीचे रह रहे हैं। इनमें से कई लेख मशीनों द्वारा मानव जाति पर कब्जा करने पर आधारित एक डायस्टोपियन भविष्य की तस्वीरें उठाते हैं। यदि आप मानव जाति के भविष्य के बारे में पर्याप्त रूप से आशंकित हैं, तो मुझे अपना विश्लेषण प्रस्तुत करने का प्रयास करना चाहिए कि अल क्या है और क्या नहीं है, और यह निकट भविष्य में हमारी दुनिया को कैसे आकार दे सकता है। अल कोई हालिया घटना नहीं है, हालांकि चैटजीपीटी जैसे विशिष्ट हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के मामले में इसने हाल ही में अधिक लोकप्रियता हासिल की है। यह शब्द पहली बार 1956 में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के कंप्यूटर वैज्ञानिक जॉन मैकार्थी द्वारा गढ़ा गया था। उन्होंने इसे "बुद्धिमान मशीनें बनाने का विज्ञान और इंजीनियरिंग" के रूप में परिभाषित किया। तब से, कई वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने इस क्षेत्र में काम किया है और हमने अनुसंधान के लिए धन की कमी के कारण कई बार व्यस्त गतिविधियों के साथ-साथ शुष्क दौर भी देखा है। दूसरा शब्द जो मैं संक्षेप में प्रस्तुत करना चाहता हूं वह ट्यूरिंग टेस्ट है, जिसका नाम एलन ट्यूरिंग के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने कहा था कि यदि कोई मशीन मशीन के रूप में पहचाने बिना किसी इंसान के साथ बातचीत में संलग्न हो सकती है, तो इसने मानव बुद्धि का प्रदर्शन किया है। एलेक्सा जैसे उपकरणों और चैटजीपीटी जैसे सॉफ्टवेयर का विकास संभवतः शोधकर्ताओं द्वारा ट्यूरिंग परीक्षण के मानदंडों को पूरा करने की कोशिश का परिणाम है। सबसे पहले, अल की थोड़ी समझ आवश्यक है। अल, अपने वर्तमान अवतार में, परिष्कृत पैटर्न पहचान से अधिक कुछ नहीं है। प्रोग्राम उपभोक्ता व्यवहार, भाषण, पाठ, तस्वीरों, मेडिकल डायग्नोस्टिक स्कैन आदि में पैटर्न की तलाश करते हैं। सॉफ्टवेयर को शब्दों, चित्रों, संख्याओं और स्कैन के एक बहुत बड़े डेटाबेस का उपयोग करके पैटर्न को पहचानने के लिए "प्रशिक्षित" किया जाता है। उदाहरण के लिए, यदि कोई ग्राहक नियमित आधार पर किसी रिटेल आउटलेट से कुछ उत्पाद खरीदता है, तो एएल इस खरीद पैटर्न का पता लगाने में सक्षम होगा और ग्राहक को उसकी प्राथमिकताओं से मेल खाने वाले अनुकूलित मेल/विज्ञापन भेजे जा सकते हैं। जब चेहरे की पहचान की बात आती है, तो चित्र को कई बिंदुओं या पिक्सेल में विभाजित किया जाता है। सॉफ्टवेयर पैटर्न निर्धारित करने के लिए पिक्सेल का विश्लेषण करता है जो चेहरे की विशेषताओं के बारे में जानकारी देता है। फिर सॉफ़्टवेयर उस पैटर्न की तुलना करेगा जिस पर उसे प्रशिक्षित किया गया है, यह निर्धारित करने के लिए कि क्या दोनों तस्वीरें एक ही व्यक्ति की हैं। अल द्वारा विकसित उत्तरों की सटीकता, या शुद्धता इसे प्रशिक्षित करने के लिए उपयोग किए गए डेटा पर निर्भर है। प्रशिक्षण सॉफ्टवेयर में बड़ी मात्रा में डेटा फीड करके किया जाता है, फिर सॉफ्टवेयर को पूछे गए प्रश्न का उत्तर देने दिया जाता है। उत्तर की सटीकता के संबंध में मानवीय प्रतिक्रिया प्रदान करके, सॉफ़्टवेयर को "प्रशिक्षित" किया जाता है ताकि वह अपने अगले प्रयास में पैटर्न को समझने की अपनी क्षमता में सुधार कर सके। प्रशिक्षण में उपयोग किए गए डेटा में अंतराल और कमियों के कारण एएल द्वारा गलतियाँ करने के पर्याप्त सबूत हैं। ये गलतियाँ अमेरिका में चेहरे की पहचान में हुई हैं जहाँ कार्यक्रम ने गलत तरीके से किसी व्यक्ति को उस अपराध में संदिग्ध के रूप में पहचाना है जो उसके द्वारा नहीं किया गया है। एएल कार्यक्रमों के ऐसे कई उदाहरण हैं जो जाति, लिंग, उम्र आदि के आधार पर स्पष्ट पूर्वाग्रह दिखाते हैं, जब सॉफ़्टवेयर को प्रशिक्षित करने के लिए उपयोग किया जाने वाला डेटाबेस खराब या पक्षपातपूर्ण रहा हो। सॉफ़्टवेयर की जटिलता के बावजूद, उनमें से कोई भी 100% विश्वसनीय नहीं है। कुछ लोग कह सकते हैं कि दोनों ही मनुष्य नहीं हैं। किसी सॉफ़्टवेयर को निर्णय लेने देने में दो प्रमुख खतरे हैं। सबसे पहले, अधिकांश अल सॉफ्टवेयर एक ब्लैक बॉक्स की तरह हैं। प्रोग्राम द्वारा प्रयुक्त तर्क पर प्रश्न उठाना संभव नहीं है।



# एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

समूह संपादकः रवि भारद्वाज (9999889104)
स्थानीय संपादकः पंकज शर्मा (7018221146)
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# तेलंगाना के चुनाव प्रचार अभियान में सभी राजनीतिक पार्टियों के दिग्गजों ने पूरी ताकत झोंक दी

**तेलंगाना** में अंतिम चरण में 30 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। इस समय सभी राजनीतिक पार्टियां का विशेष फोकस तेलंगाना पर है। एक तरफ मुख्यमंत्री केसीआर एक बार फिर सत्ता में वापसी के लिए जुटे हैं तो दूसरी तरफ 15 साल के बाद भी सरकार बनाने के लिए कांग्रेस मशक्कत कर रही है। इन दोनों दलों के अलावा भारतीय जनता पार्टी (इखढ) भी जीत की उम्मीद लगाए बैठी है। कर्नाटक में हार के बाद भाजपा ने दक्षिण राज्य तेलंगाना में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। तेलंगाना में कुछ 119 विधानसभा सीटें हैं और सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 60 है। दो बार से सत्ता में काबिज के चंद्रशेखर की पार्टी बीआरएस को अपनी योजनाओं आरोग्य रक्षा, रायतू बंधु, अन्नपूर्णा योजना के साथ गैस सिलेंडर 400 रुपये में और 3000 रुपये प्रति महीने महिलाओं को देने के अपने वादों पर पूरा भरोसा है। कांग्रेस ने इस बार तेलंगाना को अपना चुनावी केंद्र बनाया है।

आचार संहिता से पहले कांग्रेस पार्टी भी महिलाओं के लिए महालक्ष्मी योजना का चुनावी दांव चली है। दक्षिण राज्य तेलंगाना में अपनी सरकार बनाने के लिए भाजपा की ओर से बड़े-बड़े स्टार प्रचार भी राज्य में जमे हुए हैं। भाजपा ने फ्री की स्कीम के साथ मुस्लिम आरक्षण और परिवारवाद को अपना चुनावी मुद्दा बनाया है। साथ ही भाजपा ने ओबीसी वोटरों को लुभाने के लिए ओबीसी सीएम बनाने का भी वादा किया है। पार्टी का जिस हिसाब से राज्य में जनाधार बढ़ रहा है उससे वह किंग मेकर या फिर ऐसी स्थिति हासिल कर सकती है। गौरतलब है की सूबे का चुनाव प्रचार अभियान 28 नवंबर को समाप्त हो रहा है और इसलिए सभी पार्टियों के नेता अपना पूरा जोर लगा रहे हैं।एक तरफ जहाँ तेलंगाना की सत्ताधारी भारत राष्ट्र समिति के प्रमुख मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव, उनके बेटे कैबिनेट मंत्री केटी रामराव और बेटी के कविता से लेकर बीआरएस के तमाम नेता पार्टी की मुश्किल हुई चुनावी राह को देखते हुए पिछले कुछ दिनों से नए-नए हथकंडों के सहारे आम जनता के बीच सीधे पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं।

# तेरी मेरी उसकी बात

**कल** की ही बात है। वैसे भी हमारे यहाँ बरसों बीत जाने पर भी ह्यकल की ही बात हैह्न कहने का चलन अनंत काल से चला आ रहा है। हम अपने कल को कभी बासी नहीं पड़ने देते। हमारा कल हमेशा तरोताजा रहता है और रहेगा भी। विश्वास न हो तो तरोताजगी के बलात्कार, भ्रष्टाचार, अन्याय और क्रूरता की पावन खबरों से पटे अखबार के पन्नों या फिर गलाफाड़ प्रचार करते टीवी एंकरों को ही देख लें। हमारे यहाँ तारीखें बदलती हैं, घटनाएँ नहीं। यही तो हमारी तरोताजगी का सबसे बड़ा प्रमाण है। हाँ तो मैं अपने कल की बात बता रहा था। पड़ोस की बहन ने मुझे राखी बांधी थी। औपचारिकता के तौर पर उसने मेरी आरती उतारी, मिठाई खिलाया। मैंने भी उपहार देकर अपनी जिम्मेदारी निभा दी। मैं उनके घर से जैसे ही निकलने वाला था कि मेरी नजर वहाँ पड़े समाचार पत्र पर पड़ी। बड़े-बड़े अक्षरों पर लिखा था शहर में गैंगरेप। पहले तो मैंने इस खबर की कड़े शब्दों में निंदा की जैसा कि हर नेता करता है। किंतु खबर की चीड़फाड़ करते समय मैंने अपनी असलियत व्यक्त करते हुए कहा, ये लड़कियाँ भी जब तक इस तरह के जींस, टी शर्ट और अंगदिखाऊ कपड़े पहनेंगी तब तक उनके साथ इसी तरह की घटनाएँ घटेंगी। थोड़ी देर पहले तक गैंगरेपियों को डाँटने वाला मैं, पीड़िता को डाँटने लगा। उस पर आरोप मढ़ने लगा।

मेरी यह सब बातें बहन ध्यान से सुन रही थी। उसने हँसते हुए कहा, आप तो पूरी तरह नेता जैसी बातें करने लगे हो। लगता है बहुत जल्द चुनाव लड़ने वाले हो। मैंने हँसते हुए कहा, ऐसी कोई बात नहीं है। वैसे ये सारी बातें उन लड़कियों के बारे में है, जो इस तरह के कपड़े पहनती हैं। तुम तो हरगिज ऐसी नहीं हो। तुम्हें देखकर जमाने को सीखना चाहिए। इतना कहते हुए मै बाहर निकल ही रहा था कि मुझे जींस पहनी रमा दिखायी दी। वह हमारे पड़ोस में रहती है। मैंने उसे देखकर उसके कपड़ों की तारीफ कर दी और कहा, तुम इन कपड़ों में खूब फबती हो। इतना कहते हुए मैं अपने घर लौट आया।

## बीते वित्त वर्ष में दूध, अंडा, मांस का उत्पादन बढ़ा: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दूध, अंडा और मांस के उत्पादन में 2022-23 से पिछले पांच वर्षों के दौरान उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला द्वारा रविवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। हालांकि, इस दौरान ऊन उत्पादन में गिरावट हुई। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री ने यहां राष्ट्रीय दुग्ध दिवस कार्यक्रम



के दौरान बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी 2023 रिपोर्ट जारी की। यह रिपोर्ट पशु एकीकृत नमूना सर्वेक्षण (मार्च 2022 से फरवरी 2023) पर आधारित है। सर्वेक्षण पूरे देश में तीनों मौसमों गर्मी (मार्च-जून), मानसून (जुलाई-अक्टूबर) और सर्दी (नवंबर-फरवरी) में किया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2022-23 के दौरान देश में दुग्ध उत्पादन 23.05 करोड़ टन होने का अनुमान है। इसमें पिछले पांच वर्षों में 22.81 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे पहले 2018-19 में दुग्ध उत्पादन 18.77 करोड़ टन था।

## जनवरी से महंगी हो जाएंगी Audi की कारें

**नई दिल्ली।** जर्मनी की लक्जरी कार निर्माता कंपनी ऑडी ने कच्चे माल की मांग और परिचालन लागत बढ़ने का हवाला देते हुए सोमवार को कहा कि वह अगले साल जनवरी से भारत में अपने वाहनों की कीमतें दो प्रतिशत तक बढ़ाएगी। ऑडी इंडिया की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, कीमतों में बढ़ोतरी एक जनवरी 2024 से प्रभावी होगी और सभी मॉडल रेंज में बढ़ोतरी होगी। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने एक बयान



में कहा, ''आपूर्ति-श्रृंखला-संबंधित कच्चे माल की बढ़ती मांग और परिचालन लागत के कारण हमने ब्रांड की प्रीमियम मूल्य स्थिति को बनाए रखते हुए अपने मॉडल रेंज में मूल्य सुधार किया है।'' उन्होंने कहा, ''मूल्य सुधार का मकसद ऑडी इंडिया और हमारे डीलर भागीदारों की सतत वृद्धि सुनिश्चित करना है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि मूल्य वृद्धि का प्रभाव ग्राहकों जितना हो सके कम से कम पड़े।'' ऑडी इंडिया ने क्यू3 एसयूवी से लेकर स्पोर्ट्स कार आरएसक्यू8 तक कई वाहन बेचती है, जिनकी कीमत 42.77 लाख रुपए से 2.22 करोड़ रुपए के बीच है।

## चीन से बड़ी दवा कंपनियों का मोहभंग, भारतीय फार्मा सेक्टर में दिखा रहे दिलचस्पी

**बीजिंग।** दवा बनाने वाली कंपनियां (ड्रगमेकर्स) चीनी कॉन्ट्रैक्टरों पर अपनी निर्भरता को सीमित करने की कोशिश कर रहे हैं। ये चीनी कॉन्ट्रैक्टर क्लीनिकल ट्रायल्स और प्रारंभिक चरण के निर्माण में उपयोग की जाने वाली दवाओं का उत्पादन करते हैं। दवा कंपनियों का ये कदम भारत में प्रतिद्वंद्वियों को लाभ पहुंचा रहा है। ये जानकारी 10 उद्योग अधिकारियों और एक्सपर्ट्स के साक्षात्कार से प्राप्त हुई है। कॉन्ट्रैक्ट ड्रगमेकर्स द्वारा दी जाने वाली कम लागत और स्पीड के कारण चीन लगभग 20 वर्षों से फार्मास्युटिकल रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग के लिए दवा कंपनियों का पसंदीदा स्थान रहा है।

ट्रम्प प्रशासन के दौरान अमेरिका-चीन ट्रेड वार और कोविड -19 महामारी के दौरान अन्य उद्योगों द्वारा अनुभव की गई आपूर्ति श्रृंखला की तबाही के बावजूद यह संबंध काफी हद तक मजबूत रहा लेकिन चीन के साथ बढ़ते तनाव ने ज्यादातर पश्चिमी सरकारों को यह सिफारिश करने के लिए प्रेरित किया है कि कंपनियों को एशियाई महाशक्ति से आपूर्ति श्रृंखलाओं कोजोखिम मुक्त करना चाहिए। इससे कुछ बायोटेक कंपनियां क्लिनिकल ट्रायल या अन्य आउटसोर्स कार्य के लिए सक्रिय फार्मास्युटिकल घटक का उत्पादन करने के लिए भारत में निर्माताओं के साथ काम करने पर विचार कर रही हैं। जेफरीज में हेल्थकेयर निवेश बैंकिंग के वैश्विक सह-प्रमुख Tommy Erdei ने कहा, आज आप शायद किसी चीनी कंपनी को RFP (प्रस्ताव के लिए अनुरोध) नहीं भेज रहे हैं। यह ऐसा है, मैं जानना भी नहीं चाहता, इससे कोई फर्क भी नहीं पड़ता कि वे इसे सस्ते में कर सकते हैं।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में आज (सोमवार) गिरावट का रुख है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 80 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक आज दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये



प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.63 डॉलर यानी 0.78 फीसदी की गिरावट के साथ 79.85 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। इसी तरह वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.68 डॉलर यानी 0.90 फीसदी लुढ़ककर 74.86 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## गुरु नानक जयंती पर बैंकों में छुट्टी, शेयर बाजार भी बंद

**नई दिल्ली।** गुरु नानक जयंती पर आज शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार और कुछ जगहों पर बैंक बंद हैं। इसके अलावा कमोडिटी फ्यूचर मार्केट में सोमवार को ट्रेडिंग नहीं होगी। अब शेयर बाजार में मंगलवार को सामान्य कारोबार होगा।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर उपलब्ध छुट्टियों की लिस्ट के मुताबिक शेयर बाजार में इस कैलेंडर ईयर में कुल 15 छुट्टी हैं, जिसमें से 14वां हॉलिडे आज है। इसके बाद 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर शेयर बाजार बंद रहेंगे। इससे पहले पिछले हफ्ते शुक्रवार 24 नवंबर को शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच गिरावट के साथ बंद हुए थे।

**इन राज्यों में आज बंद रहेंगे बैंक**



रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के मुताबिक अगरतला, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, देहरादून, हैदराबाद, तेलंगाना, ईटानगर, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोहिमा, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई , नागपुर, नई दिल्ली, रायपुर, रांची, शिमला और श्रीनगर, अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, गंगटोक, गुवाहाटी, हैदराबाद-आंध्र प्रदेश, इंफाल, कोच्चि, पणजी, पटना, शिलांग और तिरुवनंतपुरम में बैंक बंद रहेंगे।

## बेहतर सेवानिवृत्ति को वित्तीय साधन में करें निवेश, बाद में काम आएगा पैसा

**कोलकाता।** सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच रहे कई लोगों के बीच यह एक आम बात है कि उनके पास बहुत पैसा है। उनके पास पैसा तो है, लेकिन ये पैसे एक ऐसे साधन जैसे रियल एस्टेट और सोना में लगे हैं। इसका मतलब यह है कि आप रिटायरमेंट के बाद जरूरत पर इन दोनों संपत्तियों को बेच नहीं सकते हैं। ऐसे में अगर इन दोनों के साथ-साथ वित्तीय साधन में भी निवेश करते हैं तो रिटायरमेंट के समय आपको जरूरतें पूरी करने के लिए दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उदाहरण के तौर पर 57 वर्षीय संजय की छोटी बेटी भारत में तीन साल में डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी कर लेगी। बेटा अमेरिका में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहा है। इस स्तर पर दोनों पूरी तरह से स्वतंत्र नहीं हैं। संजय को लगता है कि बच्चों को कुछ और वर्षों तक उनके मदद की जरूरत होगी। नोएडा और गाजियाबाद में उनके दो फ्लैट हैं। नोएडा के फ्लैट में उनके माता-पिता रहते हैं और दूसरा फ्लैट अब से एक साल में उनके पास आ जाएगा। पिछले कुछ वर्षों में उनकी पत्नी ने दो किलो सोना खरीदा है। उन्हें लगता है कि सोने में किया गया निवेश अच्छा है।

फिक्स्ड डिपॉजिट व बीमा पॉलिसियों के साथ उनकी संपत्ति 7 करोड़ रुपये है। दो फ्लैटों की कीमत 4.5 करोड़ रुपये है। 1.5 करोड़ का सोना, 60 लाख का एफडी और 40 लाख रुपये शेयर और म्यूचुअल फंड में हैं। मुझे पता है कि उन्होंने अच्छा किया है,पर दुर्भाग्यवश, वह वास्तव में संभावना नहीं है। इसलिए, मूल रूप से कुल संपत्ति का 85



गरीब हैं। गरीब इसलिए क्योंकि वह अपना घर नहीं बेच सकते। एक फ्लैट में उनके माता-पिता हैं और दूसरा अभी भी उनके कब्जे में नहीं है। उनकी पत्नी का सोना बेचने या गिरवी रखने की भी फीसदी जरूरत पड़ने पर भी उपयोग नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा, बेटी की शिक्षा और अगले 5-6 वर्षों में दोनों बच्चों की शादी भी करनी है।

संजय यदि एक घर बेचते हैं, तो उन्हें पूंजीगत लाभ पर कर देना होगा। संजय की समस्या जटिल हो गई है। उनकी पत्नी की योजना बेटी की शादी में आधा सोना देने की है। बैंक जमा पर भी 6-7 फीसदी ब्याज मिल रहा है, जो महंगाई की दर के बराबर ही है। इसका अर्थ है कि जहां उन्हें वास्तव में फायदा हो सकता था वह शेयर और म्यूचुअल फंड था, जो उनके कुल निवेश का केवल 6 फीसदी ही है। इन स्थितियों के बाद संजय के पास ऐसी कोई संपत्ति नहीं है जिससे सेवानिवृत्ति के बाद जरूरत के लिए कोई आय हो सके। इसलिए, वह सेवानिवृत्त होने के लिए तैयार नहीं हैं। आराम से सेवानिवृत्त के लिए एक ऐसे फंड की जरूरत होती है जो काम आए। बैंक जमा, शेयर और म्यूचुअल फंड में मिले एक करोड़ रुपये से बेटी की शिक्षा और शादी का खर्च पूरा हो सकेगा।

संजय अपनी जरूरत के लिए एक घर बेच सकते थे। वह पत्नी से कम सोना खरीदने को कह सकते थे, पर उन्हें यकीन था कि पत्नी इस पर सहमत नहीं होगी। इन स्थितियों का सबक यह है कि हमें कुल संपत्ति का कम से कम आधा हिस्सा बैंकों, म्यूचुअल फंड और शेयरों जैसे वित्तीय साधनों में निवेश करना चाहिए, न कि इसे सोने और रियल एस्टेट में। मैं लोगों को सेवानिवृत्त होने का सपना देखने से हतोत्साहित नहीं कर रहा हूं। मैं यह चाहता हूं कि वे यह समझें कि सेवानिवृत्ति के बाद खुश और तनाव मुक्त रहने के लिए सही वित्तीय समर्थन होना चाहिए।

## म्यूचुअल फंड बन रहा घरेलू बचत का पसंदीदा साधन

**नई दिल्ली।** हाल के समय में बाजार की तेजी से घरेलू बचत का हिस्सा अब बैंकों के जमा के बजाय म्यूचुअल फंडों में जा रहा है। निवेशक अब इक्विटी फंड में पैसे लगा रहे हैं। इस पर उनको अच्छा रिटर्न मिल रहा है।

बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2021 में म्यूचुअल फंडों में कुल निवेश 64,000 करोड़ रुपये आया था। 2022 में यह बढ़कर 1.60 लाख करोड़ और 2023 में यह 1.79 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्तीय बचत में घरेलू बचत का हिस्सा भी इसी तरह से वित्त वर्ष 2021 में 7.6 फीसदी था। 2022 में यह बढ़कर 8.5 फीसदी और 2023 में यह 8.4 फीसदी पर रहा। चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीने (अप्रैल से अक्तूबर) में म्यूचुअल फंड में निवेशकों के निवेश का मूल्य यानी एयूएम बढ़कर 46.72 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह इसलिए क्योंकि घरेलू बचत का हिस्सा अब म्यूचुअल फंड में आ रहा है।

**इक्विटी योजनाओं में आ रहा है पैसा**

अप्रैल से अक्तूबर के बीच



इक्विटी और वृद्धि केंद्रित योजनाओं का म्यूचुअल फंड में सर्वाधिक हिस्सा रहा है। डेट स्कीम का मार्च, 2022 तक 34त्न हिस्सा था जो अक्तूबर तक घटकर 29त्न पर आ गया। इक्विटी और वृद्धि योजनाओं का हिस्सा 36.3त्न बढ़कर 40.2 फीसदी पर पहुंच गया। इसका मतलब निवेशक इक्विटी फंड में तेजी से पैसा लगा रहे हैं। इस वित्त वर्ष में तीन नवंबर तक बैंक जमा की वृद्धि दर 8.5 फीसदी रही, जबकि म्यूचुअल फंड की वृद्धि दर 18.5 फीसदी रही। इसमें भी इक्विटी की वृद्धि दर 23.9 फीसदी रही है।

**मल्टी एसेट फंड दे रहा बेहतर रिटर्न**

मल्टी एसेट एलोकेशन फंड एक ऐसा साधन है जो 100 रुपये के निवेश को कई क्षेत्रों में फैलाता है। यानी यह लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप शेयरों में निवेश करने के साथ ही सोना और अन्य साधनों में भी निवेश करता है। इसका मकसद यह है कि एक साधन में घाटा है तो दूसरा उससे बचाता है। सोना एक सुरक्षित निवेश है वहीं डेट और एक्सचेंज ट्रेडेड कमोडिटी डेरिवेटिव्स/ गोल्ड ईटीएफ रिट और इनविट्स में भी निवेश किया जाता है। लंबी अवधि में रिटर्न उत्पन्न करने के प्रयास में इस फंड की निवेश रणनीति एक बेहतरीन रिटर्न देती है। यह फंड अपनी संपत्ति का कम से कम 10 फीसदी तीन या अधिक परिसंपत्ति वर्गों में निवेश करता है। नीरज जोशी, संस्थापक, एमएनसीएल मल्टीप्लायर का कहना है कि म्यूचुअल फंड के मल्टी एसेट एलोकेशन में निवेशकों का आकर्षण तेजी से बढ़ा है। यह ऐसी स्कीम है जिसने बाजार के हर चक्र व अन्य परिसंपत्तियों में निवेश कर अच्छा रिटर्न दिया है।

## Air India ने ग्राहकों को दिया क्रिसमस का बड़ा डिस्काउंट ऑफर, इन उड़ानों पर मिल रही 30 प्रतिशत तक छूट

**नई दिल्ली।** फेस्टिवल सीजन के दौरान एयर इंडिया ने ग्राहकों को एक बड़ा ऑफर दिया। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों उड़ानों एयर इंडिया ने अच्छी छूट प्रदान की है। कंपनी द्वारा डिटेल के अनुसार, इच्छुक यात्री उड़ानों पर 30 प्रतिशत तक का लाभ उठा सकते हैं। हालांकि, यह ऑफर उन बुकिंग के लिए है जो 2 दिसंबर, 2023 से 30 मई, 2024 तक यात्रा के लिए नवंबर में की गई हैं। लॉग-इन किए गए मेंबर को अतिरिक्त लाभ प्रदान करने के लिए, वाहक ने कुछ



अतिरिक्त सुविधाएं, और मानार्थ एक्सप्रेस अहेड सर्विस और पुरस्कार विजेता अनुप्रयोगों पर शून्य सुविधा शुल्क शामिल किया है। इसके अलावा, स्पेपसाल मेंबर भोजन, सामान, सीटें, उड़ान परिवर्तन और रद्दीकरण शुल्क छूट सहित अन्य लाभों का आनंद ले सकते हैं। रूट लिस्ट की बात करें तो यह बेंगलुरु-कन्नूर, बेंगलुरु-कोच्चि, बेंगलुरु-तिरुवनंतपुरम, बेंगलुरु-मैंगलोर, कन्नूर-तिरुवनंतपुरम, चेन्नई-तिरुवनंतपुरम और बेंगलुरु-तिरुचिरापल्ली के साथ-साथ पूरे नेटवर्क पर रियायती किराए शामिल हैं।

## 'अगर आईपीओ मूल्यांकन पर खुलासे निरर्थक हैं तो इसपर गौर करेंगे' बोर्ड बैठक में बोलीं सेबी प्रमुख


**नई दिल्ली।** सेबी की बोर्ड बैठक पूरी होने के बाद संवाददाताओं से अध्यक्ष माधबी पुरी बुच रूबरू हुईं। इस दौरान कुछ आरंभिक सार्वजनिक पेशकशों के अत्यधिक मूल्यांकन पर कुछ हलकों में चिंताओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा है कि यदि मूल्यांकन पर खुलासे निरर्थक हैं तो नियामक निश्चित रूप से इस मामले पर गौर करेंगे। हाल ही में पूंजी बाजार में शेयर बिक्री में आई तेजी के बीच ये टिप्पणियां आई हैं। पिछले हफ्ते, टाटा टेक्नोलॉजीज सहित पांच कंपनियां अपने आईपीओ लेकर आईं, जिन्होंने आवेदन राशि में रिकॉर्ड 2.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए। आईपीओ में कुछ शेयरों के लिए उच्च प्रीमियम के बारे में एक प्रश्न पर, बुच ने कहा, बेशक, हम इस पर पूरी तरह से




आपके साथ हैं क्योंकि उच्च प्रीमियम के लिए दिए गए तर्क और कुछ नहीं बल्कि कुछ अर्थहीन अंग्रेजी शब्द हैं। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से इस पर गौर करेंगे और मुद्दे का समाधान करेंगे। कुछ हलकों में इस चिंता के बारे में पूछे जाने पर कि कुछ आईपीओ की कीमत अत्यधिक है, सेबी प्रमुख ने कहा, अगर मूल्यांकन पर खुलासे निरर्थक हैं तो हम निश्चित रूप से इस पर गौर करेंगे। यह ध्यान दिया जा सकता है कि अल्पज्ञात कंपनियों के आईपीओ में निवेशकों की रुचि बढ़ाने के लिए, जारीकर्ता और उनके निवेश बैंकर कम अंकित मूल्य का हवाला देते हैं, लेकिन बहुत अधिक प्रीमियम का हवाला देते हुए इश्यू की कीमत अधिक रखी जाती है। यह पूछे जाने पर कि क्या सेबी ग्रीन-शू विकल्प की अनुमति देगा, जैसा कि अन्य बाजार गतिविधियों में अनुमति है, जिसमें जारीकर्ता को स्वतंत्रता है, उन्होंने कहा कि इसका उत्तर नहीं है क्योंकि इसे व्यावहारिक और वैचारिक दृष्टिकोण से संबोधित किया जाना चाहिए।

## छोटी कंपनियों पर नकेल, कॉरपोरेट गवर्नेंस और मजबूत हुआ

**नई दिल्ली।** छोटे और मझोले (एसएमई) प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध और वहां से मुख्य प्लेटफॉर्म पर आने वाली कंपनियों के लिए नियम और सख्त हो गए हैं। अब इनको ज्यादा कॉरपोरेट गवर्नेंस का पालन करना होगा। ताजा मामले में बीएसई ने कहा है कि मुख्य प्लेटफॉर्म पर वही कंपनियां आ पाएंगी, जो तीन साल तक एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध रहेंगी। नियम एक जनवरी, 2024 से लागू होगा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने कहा, एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होने के लिए आवेदक के पास पिछले दो वित्त वर्षों में कम से कम 15 करोड़ रुपये की नेटवर्थ होनी चाहिए। बीएसई के मुख्य प्लेटफॉर्म पर आने से पहले कंपनी के पास 250 पब्लिक शेयरधारक



होने चाहिए। यह नियम पहले भी था, पर अब यह अनिवार्य हो गया है। तीन वित्त वर्षों में किसी दो वर्ष में परिचालन लाभ होना चाहिए। मुख्य प्लेटफॉर्म पर आने से पहले के वर्ष में शुद्ध मुनाफे में कंपनी होनी चाहिए। इसी तरह आवेदक की चुकता इक्विटी पूंजी 10 करोड़ रुपये से अधिक हो और बाजार पूंजीकरण 25 करोड़ रुपये हो। आवेदक कंपनी, उसके प्रमोटर और उसकी सहायक कंपनी पर सेबी का प्रतिबंध नहीं होना चाहिए। पिछले तीन वर्षों में किसी भी एक्सचेंज ने कंपनी और उसके प्रवर्तकों को निलंबित नहीं किया हो। अब तक 464 कंपनियां बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध हुई हैं। इसमें से 181 कंपनियां मुख्य प्लेटफॉर्म पर जा चुकी हैं। एनएसई और बीएसई ने मार्च, 2012 में छोटी कंपनियों को बाजारों में सूचीबद्ध करने के लिए इस प्लेटफॉर्म को शुरू किया था। इस साल एसएमई 156 कंपनियों ने 4,203 करोड़ जुटाए। पिछले साल 109 कंपनियों ने 1,980 करोड़ रुपये जुटाए थे। इस साल पैकेजिंग 730 गुना, मैत्रेय मेडिकेयर 446 गुना, मधुसूदन मसाला 444 गुना सब्सक्राइब हुए। निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशकों की संख्या पूरी नहीं होने पर बीएसई और एनएसई ने इंडियन ऑयल और गेल सहित सरकारी क्षेत्र की सात तेल व गैस कंपनियों पर लगातार दूसरी तिमाही में 5.42-5.42 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी), ऑयल इंडिया, गेल, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और इंजीनियर्स इंडिया ने शेयर बाजार को अलग-अलग दी जानकारी में जुर्माने का विवरण दिया।

## सरकार को कच्चे माल, पूंजीगत वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करने की जरूरत है : जीटीआरआई

**नई दिल्ली।** कच्चे माल और पूंजीगत वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करने से सरकार को कई मौजूदा निर्यात योजनाओं की आवश्यकता में कटौती करने में मदद मिल सकती है। शोध संस्थान जीटीआरआई ने यह बात कही। जीटीआरआई के अनुसार, यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा क्योंकि भारत को अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानूनों के ढांचे के भीतर इन प्रोत्साहनों के प्रबंधन में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका जैसे भारत के प्रमुख व्यापार साझेदारों सहित कई देश भारतीय योजनाओं को सब्सिडी के रूप में घोषित करते हैं और प्रतिपूरक शुल्क लगाकर निर्यातकों को ''दंडित'' करते हैं। देश के कुल निर्यात में अमेरिका और यूरोपीय संघ की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत से अधिक है। वर्तमान में भारत निर्यात को सुविधाजनक बनाने के लिए कई योजनाएं लागू कर रहा है। इनमें एडवांस ऑथराइजेशन स्कीम (एएएस), एक्सपोर्ट प्रमोशन कैपिटल गुड्स स्कीम (ईपीसीजीएस), ड्यूटी ड्रॉबैक स्कीम (डीबीएस), निर्यातित उत्पादों पर शुल्क व करों में छूट (आरओडीटीईपी), विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड), एक्सपोर्ट ओरिएंटेड यूनिट(ईओयू), प्री-शिपमेंट एंड पोस्ट-शिपमेंट क्रेडिट बैंक और इंटरेस्ट इक्वलाइजेशन स्कीम (आईईएस) शामिल हैं। इन योजनाओं का मकसद वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है। जीटीआरआई के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि यूरोपीय संघ, अमेरिका और कई अन्य ने अक्सर इन योजनाओं को सब्सिडी के रूप में देखा है और भारत द्वारा अपने निर्यातकों को प्रदान किए जाने वाले मौद्रिक लाभों को बेअसर करते हुए प्रतिपूरक शुल्क लगाए हैं। इन देशों का पहला तर्क यह है कि ये योजनाएं विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सब्सिडी और प्रतिपूरक उपायों (एएससीएम) पर समझौते का उल्लंघन करती हैं। उन्होंने कहा, ''इन चुनौतियों के चलते भारत सरकार को एक बहु-आयामी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। इसमें निर्यात योजनाओं की संरचना में सुधार, डब्ल्यूटीओ में सक्रिय रूप से विवाद उठाना, योजनाओं की समयपूर्व निकासी का विरोध करना और सीमा शुल्क संरचना को तर्कसंगत बनाना शामिल है। वर्तमान में औद्योगिक उत्पादों के लिए भारत का औसत शुल्क या सीमा शुल्क यूरोपीय संघ के 4.1 प्रतिशत की तुलना में 14.7 प्रतिशत है। भारत की कई निर्यात योजनाएं, जैसे एसईजेड, ईओयू, आरओडीटीईपी और ड्रॉबैक ऐसे उच्च आयात शुल्क के कारण मौजूद हैं। निर्यातक इन योजनाओं का उपयोग या तो भुगतान किए गए शुल्क का 'रिफंड पाने या आयात शुल्क का भुगतान करने से छूट पाने के लिए करते हैं।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 28 नवंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN/2012/48072

फास्ट न्यूज

## नाबालिक से दुष्कर्म, सुलह न करने पर जान से मारने की धमकी

**फतेहपुर।** जिले के मलवां थाना क्षेत्र में नाबालिक किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी पर मुकदमा दर्ज हो जाने के बाद मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। मुकदमा वापस न लेने पर पीड़िता सहित परिवार को दरोगा की सह पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी गई है। सोमवार को पीड़िता ने मामले पर दरोगा सहित छेड़छाड़ करने वाले आरोपी पर रास्ते में रोक कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। मलवां थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिक किशोरी घर से बाहर बाजार गयी थी तभी दूसरे गांव के रहने वाले वीरेंद्र पुत्र सुंदरलाल निवासी बलाहे मऊ थरियांव ने नाबालिक के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया जिस पर पुलिस ने 18 अक्टूबर 2023 को मामले पर मुकदमा दर्ज किया और आरोपी के खिलाफ जांच पड़ताल शुरू किया। पीड़िता की मां ने बताया कि आरोपी वीरेंद्र से जांच अधिकारी आबू नगर चौकी का एक दरोगा जो मामले की जांच कर रहा है, आरोपी से मिल चुके हैं। वह स्वयं रास्ते में रोक कर मुकदमे में सुला लगाने की सलाह दी और धमकी देते हुए चले गए। अब पुलिस ही छेड़छाड़ जैसे गंभीर मामलों पर जान से मारने की धमकियां दे रही है आरोपी भी रास्ते में रोक कर उन्हें धमका रहे हैं।

## बाराबंकी में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बाराबंकी।** रामनगर थाना क्षेत्र में सोमवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजकर मामले की जांच में जुट गई। रामनगर क्षेत्रान्तर्गत हाइवे पर ग्राम दलसराय के पास सोमवार की सुबह भोर पहर में अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पहचान ग्राम गोंदौरा निवासी रूपेश कुमार चतुर्वेदी (34) के रूप में की है। प्रभारी निरीक्षक रत्नेश कुमार पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच की जा रही है।

## अवैध संबंध के शक में पत्नी की फावड़े से काटकर की हत्या

**बाराबंकी।** घुंघटेर थाना के बद्दूपुरवा गांव स्थित ईंट-भट्टे पर सोमवार की सुबह एक युवक ने फावड़े से हमला करके पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है। अवैध संबंध के शक में पति ने पत्नी की हत्या करने की बात स्वीकारी है। मूलरूप से सीतापुर जनपद के महमूदाबाद थाना क्षेत्र के रहने वाला मोतीलाल अपनी पत्नी रजनी के साथ घुंघटेर थाना के बद्दूपुरवा गांव स्थित मंसूरी ईंट-भट्टे पर मजदूरी करता है। वह भट्ठा परिसर में ही झोपड़ी बनाकर रहता था। उसके अन्य साथी भी वहीं पर रहते थे। सोमवार को शराब के नशे में पति को देखकर पत्नी रजनी ने इसका विरोध किया तो उसका झगड़ा हो गया। इससे नाराज मोतीलाल ने झोपड़ी के अंदर रखे फावड़े से पत्नी पर ताबड़तोड़ कई वार कर मौत के घाट उतार दिया।
पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया। सूचना पाकर घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह व अन्य अधिकारी पहुंचे और मामले की जांच की।

# सिख गुरूओं ने दिया बलिदान: योगी आदित्यनाथ

## नानक ने समाज सेवा में अपना जीवन समर्पित किया और समाज में भक्ति का संचार किया





**सम्मान**

**योगी आदित्यनाथ बड़ी श्रद्धा और बड़ी आत्मीयता के साथ हमारे गुरूओं के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं।**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्री गुरु नानक देव जी के 554वें प्रकाश पर्व पर आशियाना स्थित गुरुद्वारा साहिब गुरूद्वारे में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश व धर्म को बचाने के लिए सिख गुरूओं ने बलिदान दिया। बाबर के अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद करने का काम गुरूनानक ने किया। योगी ने कहा कि गुरू नानक जी का जन्म ननकाना साहिब में हुआ लेकिन पूरा भारत उनसे अनुप्राणित रहा। ननकाना साहिब में जन्म लेने के बाद गुरू नानक ने समाज सेवा में अपना जीवन समर्पित किया और समाज में भक्ति का संचार किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख गुरूओं का बलिदान हम सब को चुनौतियों से जूझकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। देश व समाज के लिए खालसा पंथ की स्थापना मुगल सल्तनत के पतन का कारण बनता है। गुरू गोविन्द सिंह और उनके शाहबजादों का बलिदान हुआ। अपने इतिहास से प्रेरणा लें। इस अवसर पर बोलते हुए राज्यमंत्री बलदेव सिंह ओलख ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बड़ी श्रद्धा और बड़ी आत्मीयता के साथ हमारे गुरूओं के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। आज वह अधिक व्यस्तता के बावजूद समय निकालकर यहां पर आये हैं। इस अवसर पर लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल और अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## योगी सरकार ने साढ़े छह साल में 5 हजार किमी सड़क का बिछाया जाल

**जानकारी**

**उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए खर्च किये नौ हजार करोड़ रुपये।**

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
**योगी** सरकार प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर युद्धस्तर पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देश पर पिछले साढ़े छह साल में गांव, तहसील, ब्लॉक मुख्यालय, अंतरराष्ट्रीय और अंतर्राज्यीय सीमा वाले मार्ग, चीनी मिल क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र एवं धर्मार्थ मार्ग के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और पुनर्निर्माण पर युद्धस्तर पर काम हुआ है। इस दौरान प्रदेश भर में 5 हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों का जाल बिछाने का कार्य किया गया है। इसके लिए योगी सरकार ने करीब नौ हजार करोड़ की धनराशि खर्च की है।
26 तहसील और 131 ब्लॉक मुख्यालयों को दो लेन से जोड़ा गया
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 में सूबे की कमान संभालते ही पीडब्ल्यूडी को प्रदेश में कनेक्टिविटी को मजबूत करने के निर्देश दिये थे। शासन ने पीडब्ल्यूडी को 26 तहसील मुख्यालयों और 153 ब्लॉक मुख्यालयों को दो लेन मार्ग से जोड़ने के निर्देश दिये थे। इसके लिए विभाग को 1617 किलोमीटर की सड़क के लिए 2,653 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई थी। वहीं विभाग की ओर से 26 तहसील मुख्यालय और 131 ब्लॉक मुख्यालय को दो लेन से जोड़ दिया गया है, जबकि शेष 22 ब्लॉक मुख्यालय को दो लेन से जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। इनमें से 16 ब्लॉक मुख्यालय में 99 प्रतिशत, 3 ब्लॉक मुख्यालय में 74 प्रतिशत, 2 ब्लॉक मुख्यालय में 24 प्रतिशत और एक ब्लॉक मुख्यालय में 49 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। वहीं पीडब्ल्यूडी ने शेष 1 तहसील और 10 ब्लॉक मुख्यालय को दो लेन से जोड़ने के लिए 48 किलोमीटर की सड़क के लिए 174 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा है।

## एम्स बनाने को लेकर केंद्र सरकार से मंजूरी आ गई है: सीएम



**सुविधा की बातें**

**दरभंगा जिले के शोभन में एम्स के लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है: मुख्यमंत्री नीतिश कुमार**

**टीम एक्शन इंडिया/दरभंगा**
दरभंगा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में कई योजना का सीएम नीतीश उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शोभन में एम्स बनाने को लेकर केंद्र से मंजूरी आ गई है। केंद्र सरकार की ओर से दरभंगा एम्स की ऊंचाई जो पहले से निर्धारित थी उसको और बढ़ाने के लिए कहा गया है, हम उसको और बढ़ा रहे हैं। सीएम ने कहा कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का और विस्तार हमलोग कर रहे हैं। इसमें पहले से 400 बेड का अस्पताल बना हुआ है। यहां जब 2500 बेड का अस्पताल बन जाएगा तो यहां इलाज और बेहतर ढंग से होगा साथ ही मेडिकल की पढ़ाई भी बेहतर ढंग से होगी। सीएम ने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण जगह भी है, इसलिए इस मेडिकल कॉलेज में पढ़नेवालों की संख्या और बढ़ेगी। सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल भी बनकर तैयार है। डीएमसीएच को ही हम पहले एम्स बनाना चाह रहे थे। केंद्र के लोग पहले एग्री कर गए थे लेकिन फिर बाद में किसी कारण बस नहीं बन पाया। सीएम ने कहा कि फोर लेन का निर्माण भी करा रहे हैं, इससे शहर का काफी विस्तार भी हो जाएगा। पटना के बाद बिहार में दूसरा एम्स दरभंगा में बनेगा जिसके लिए शोभन में जमीन चिह्नित कर ली गई है। जब हम सांसद थे और बाहर जब जाते थे तो हर जगह पीएमसीएच और डीएमसीएच के डॉक्टर मिल जाते थे। उन्होंने कहा कि दरभंगा में एम्स स्थापित करने के लिए शोभन काफी अच्छी जगह है, जिसको हमलोगों ने चिन्हित किया है।



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय श्री गुरु नानक देव जी के 554वें प्रकाश पर्व पर पंचकूला स्थित श्री नाडा साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेकने के बाद उपरांत अरदास करते हुए।

## नवादा की अनुष्का ने रजत पदक जीत बढ़ाया जिले का गौरव



**टीम एक्शन इंडिया/नवाद** कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के सौजन्य से 26-28 नवम्बर तक बेगूसराय में चल रहे राज्य स्तरीय ताइक्वांडो विद्यालय खेल प्रतियोगिता में सोमवार को नवादा के ताइक्वांडो खिलाड़ी अनुष्का कुमारी ने 24-26 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया है। इस जीत के पीछे अनुष्का की मेहनत व कोच कौशल कुमार व रवि रंजन का काफी योगदान है । कोच बताते हैं कि अनुष्का रोजाना बुधौल से ट्रेनिंग करने खेल भवन हरिश्चंद्र स्टेडियम, नवादा में आती रही है और काफी अनुशासित होकर प्रशिक्षण ले रही है। यह पदक इसी का परिणाम है। इधर अनुष्का के पिता कुणाल दूबे एवं माता चन्दा देवी अपने बेटी के रजत पदक जीतने पर फुले नही समा रहे है। अनुष्का के पदक जीतने पर नवादा के खेल प्रेमियों ने भी उसे बधाई देते हुए हर संभव मदद का भी आश्वासन दिया।

## नवादा में अपराधियों ने युवक को सीने में मारी गोली

**नवादा।** नवादा नगर में अपराधियों ने सोमवार को युवक को गोली मारकर जख्मी कर दिया। घायल युवक को चिंताजनक हालत में पटना भेजा गया है। युवक की पहचान पकरीबरमा थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव के नीतीश कुमार के रूप में हुई है। घायल युवक के परिजनों ने अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया था। जिसे चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया है। डॉ विक्रम कुमार ने बताया है कि गोली युवक के सीने में जाकर अटक गई है। इससे युवक की हालत गंभीर है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बनाए गए आयुष्मान कार्ड



**जानकारी**

**9 लाख 35 हजार 970 से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए और 1 लाख 7 हजार से अधिक कार्ड वितरित किए गए।**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ऑन-स्पॉट सेवाओं के एक भाग के रूप में ग्राम पंचायतों में आईईसी वैन के रुकने के स्थानों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 26 नवंबर संकल्प यात्रा तक, 995 ग्राम पंचायतों में 5,470 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए हैं, जिनमें कुल 7 लाख 82 हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई है। इसके साथ स्वास्थ्य शिविरों में 9 लाख 35 हजार 970 से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए और 1 लाख 7 हजार से अधिक कार्ड वितरित किए गए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इन जांच स्वास्थ्य शिविरों में टीबी के लिए 1 लाख 95 हजार से अधिक लोगों की जांच की गई और 19 हजार 500 से अधिक लोगों को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में भेजा गया। एससीडी के लिए 54 हजार 750 से अधिक लोगों की जांच की गई और 2 हजार 930 को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में भेजा गया। लगभग 5 लाख 51 हजार लोगों की उच्च रक्त जांच और डायबिटीज की जांच की गई। उल्लेखनीय है कि देश में केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 नवंबर को खूंटी (झारखंड) से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई थी।

## बस ने पीछे से ट्रेलर को मारी टक्कर, चालक की मौत-30 यात्री जख्मी



**टीम एक्शन इंडिया/अजमेर**
आदर्श नगर क्षेत्र में पालरा इंडस्ट्रियल एरिया के पास सोमवार सुबह दिल्ली से आ रही एक वीडियो कोच बस एक ट्रेलर में घुस गई। हादसे में बस में सवार 30 लोग जख्मी हुए हैं, जबकि बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब बस में सभी यात्री गहरी नींद में सोए हुए थे। हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से जेएलएन अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अजमेर में सोमवार अलसुबह पालरा इंडस्ट्रियल एरिया के समीप पुलिया पर चढ़ रहे ट्रेलर को पीछे से दिल्ली से आ रही एक वीडियो कोच बस ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि केबिन के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद बस में चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर आदर्श नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की सहायता से यात्रियों को बस के इमरजेंसी गेट से बाहर निकलवा गया। इसके बाद उन्हें अजमेर के जेएलएन अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

## महाकालेश्वर अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकले

**टीम एक्शन इंडिया/उज्जैन**
श्रावण-भाद्रपद माह की तरह श्री महाकालेश्वर भगवान की कार्तिक-अगहन माह की दूसरी सवारी सोमवार को सभामंडप में विधिवत पूजन-अर्चन के बाद राजसी ठाट-बाट के साथ निकली।भगवान श्री महाकालेश्वर श्री मनमहेश के रूप में अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकले। श्री महाकालेश्वर भगवान की सवारी पुलिस बैण्ड, घुड़सवार दल, सशस्त्र पुलिस बल के साथ श्री महाकालेश्वर मंदिर से गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार कहारवाडी होते हुए रामघाट क्षिप्रातट पहुंची। वहां मां क्षिप्रा के जल से पूजन-अर्चन के पश्चात भगवान महाकाल की सवारी रामघाट से गणगौर दरवाजा, मोड की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती का मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी बाजार होते हुए पुनः महाकाल मंदिर पहुंची।

## जाजरकोट और रूकुम में ठंड से मरने वालों की संख्या 15 हुई



**कहर...**

**ठंड के कारण निमोनिया से मौत हो रही है जबकि अन्य लोगों में कई दूसरी बीमारियां मौत का कारण बन रही हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/काठमांडू**
मौसम का पारा गिरने के साथ ही नेपाल के भूकंप प्रभावित इलाकों जाजरकोट और रूकुम पश्चिम में खुले आसमान के नीचे गुजर बसर कर रहे लोगों की मुश्किलें और बढ़ती जा रही हैं। महज एक तिरपाल के सहारे रह रहे इन भूकंप पीडितों को रात गुजारना और अधिक मुश्किल होता जा रहा है। ठंड के कारण इन दोनों जिलों में मरने वालों की संख्या 15 हो गई है। मरने वालों में अधिकतर बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं हैं। बुजुर्गों की ठंड के कारण निमोनिया से मौत हो रही है जबकि अन्य लोगों में कई दूसरी बीमारियां मौत का कारण बन रही हैं। बीती रात ठंड के कारण ही नलगाड नगरपालिका वार्ड नम्बर 8 निवासी एक गर्भवती महिला शर्मिला चादार की मौत होने जानकारी वार्ड अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह ने दी है। इसी तरह रविवार सुबह एक नवजात शिशु मृत पाया गया। भेरी नगरपालिका के वार्ड नम्बर 2 में भूकंप पीड़ितों के लिए बनाए गए आश्रय स्थल में एक महीने की नवजात निरूता पुन की ठंड से ठिठुरकर मौत हो गई। 3 नवम्बर को जाजरकोट को केन्द्र विन्दु बनाकर आए 6.4 की तीव्रता के भूकंप के बाद बेघर हुए लोगों की मौत लगातार ठंड के कारण हो रही है। जाजरकोट और रूकुम पश्चिम दोनों ही पहाड़ी इलाके हैं, जहां सितम्बर - अक्टूबर से ही कड़ाके की ठंड शुरू हो जाती है।

श्रद्धा

पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के गंगा स्नान करने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## कार्तिक पूर्णिमा: गंगा स्नान के लिए सिमरिया धाम में उमड़ा जनसैलाब

**टीम एक्शन इंडिया/बेगूसराय**
बिहार के पावन गंगा तट सिमरिया में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्नान करने के लिए सोमवार को बिहार ही नहीं, देश के विभिन्न राज्यों और विदेशी श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। जिसके कारण अहले सुबह से ही बरौनी जीरोमाइल से लेकर सिमरिया पुल तक एनएच-31 पर काफी भीड़ रही। पूर्णिमा के मौके गंगा स्नान कर शारीरिक, मानसिक सुख और मोक्ष की कामना के साथ गंगा स्नान करने के लिए रात से बिहार, बंगाल, आसाम, झारखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के साथ नेपाल से भी बड़ी संख्या में साधु-संत और श्रद्धालु पहुंच गए थे। जिसके बाद रात तीन बजे से ही हर-हर गंगे के जयकारा के बीच नमामि गंगे घाट से रामघाट तक शुरू स्नान का सिलसिला लगातार जारी है। इस दौरान पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के गंगा स्नान करने का अनुमान लगाया जा रहा है। गंगा स्नान के बाद पौराणिक समय से चले आ रहे दान और पूजा की परंपरा के तहत श्रद्धालुओं ने बड़े पैमाने पर सिमरिया धाम के सभी मंदिरों में पूजा-अर्चना तथा गुरु पूजन किया। इस मौके पर सर्वमंगला सिद्धाश्रम में भी



श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। गंगा स्नान के लिए उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए थे।

एनएच के सभी चौक पर जहां पुलिस बल की व्यवस्था थी, वहीं राजेन्द्र पुल स्टेशन से लेकर गंगा घाट तक कदम कदम पर पुलिस बल तैनात किए गए थे। सदर डीएसपी अमित कुमार एवं सदर एसडीओ रामानुज प्रसाद सिंह खुद सुरक्षा व्यवस्था संभाले हुए थे। सभी वाच टावर से घाटों की निगरानी की जा रही थी। डीएम रोशन कुशवाहा एवं एसपी योगेन्द्र कुमार हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए थे। वहीं, मोटर बोट पर अनिल सहित सभी गोताखोर की टीम को तैनात किया गया था। सर्वमंगला सिद्धाश्रम में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए स्वामी चिदात्मन जी ने कहा कि गंगा सदैव से मोक्ष दायिनी रही है और मोक्षदायिनी रहेगी। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान और पूजन से सभी प्रकार के लोभ, मोह, ईर्ष्या और पाप का शमन होता है, लौकिक और पारलौकिक गति की प्राप्ति होती है। उसमें भी आदि कुंभा स्थली सिमरिया धाम गंगा स्नान से कई गुणा अधिक फल प्राप्त होता है। कार्तिक व्रत और मिथिला महात्म से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। कार्तिक पूर्णिमा स्नान के साथ ही सिमरिया में चल रहा एशिया प्रसिद्ध राजकीय कल्पवास मेला का भी समापन हो गया। पूर्णिमा के शुभ मुहूर्त में मगध एवं नेपाल से आने वाले सैकड़ों भक्तों ने अपनी भगतई की सिद्धि की।